
25/-₹


विश्वकर्मा वंशीय समाज की लोकप्रिय हिन्दी साप्ताहिक पत्रिका



R.N.I. No.- UPHIN/2000/01157

# विश्वकर्मा किरण

वर्ष–21 अंक–5–8 जौनपुर 7–28 फरवरी, 2020 http://www.vishwakarmakiran.com



## पूरे देश में धूमधाम से मनाई गई भगवान विश्वकर्मा की जयन्ती

### चल समारोह, वाहन रैली, कलश यात्रा और भगवान विश्वकर्मा के जयकारे से गुंजायमान हुये शहर




## भगवान विश्वकर्मा जयन्ती के अवसर पर सामाजिक कुरीतियों को दूर करने की पहल

https://www.facebook.com/VishKiranNews/ https://twitter.com/VishKiranNews https://www.linkedin.com/in/vishkirannews/



## भगवान विश्वकर्मा जयन्ती की शुभकामनाएं

**डा0 रश्मि शर्मा**
ज्वाइंट सेक्रेटरी

**डा0 शशिकान्त शर्मा**
प्रबन्धक/चेयरमैन
मो0: 9415034751

**न्यू स्टैण्डर्ड ग्रुप ऑफ इन्स्टीच्यूट**
**रायबरेली, उ0प्र0**



---

### भगवान विश्वकर्मा जयन्ती की शुभकामनाएं



**वेद प्रकाश शर्मा**
आर0पी0एफ0 दिल्ली
मो0: 8010111854, 7982199076

---

### भगवान विश्वकर्मा जयन्ती की शुभकामनाएं



**प्रेमधनी विश्वकर्मा**
डाइरेक्टर
रिच इन्टरनेशनल म्यूजिक कम्पनी
मुम्बई
मो0: 9323004818

---

### भगवान विश्वकर्मा जयन्ती की शुभकामनाएं



**राकेश विश्वकर्मा**
प्रदेश महासचिव
अ0भा0 विश्वकर्मा शिल्पकार महासभा
उत्तर प्रदेश
मो0: 9415109193

---

### भगवान विश्वकर्मा जयन्ती की शुभकामनाएं



**अखिलेश मोहन**
प्रदेश अध्यक्ष
भारतीय स्टेट बैंक इम्प्लाइज यूनियन
मो0: 9415015551, 8187990000

---

### भगवान विश्वकर्मा जयन्ती की शुभकामनाएं



**राम प्रकाश विश्वकर्मा**
खादी ग्रामोद्योग
राज्य कार्यालय, फैजाबाद रोड, लखनऊ
मो0: 9415580690

---

### भगवान विश्वकर्मा जयन्ती की शुभकामनाएं



**प्रभुनाथ विश्वकर्मा**
उद्यमी एवं समाजसेवी
जनपद-देवरिया
मो0: 9696949400

---

### भगवान विश्वकर्मा जयन्ती की शुभकामनाएं



**चन्दन विश्वकर्मा**
प्रदेश महासचिव
सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी
उत्तर प्रदेश
मो0: 9415352583, 9044244707

---

### भगवान विश्वकर्मा जयन्ती की शुभकामनाएं



**सुरजीत विश्वकर्मा**
एडवोकेट
Tax Consultant (Income Tax & GST)
मो0: 9454680601, 9044375200
Office- 5b/79 Vrindavan Colony, Telibagh, Lucknow (Mon-Fri)
369 Kalakankar road, Shitalmau, Lalganj, Pratapgarh (Sat-Sun)



# Vishwakarma Furniture Mart

Manufacturers, Wholesaler & Retailer Of All Kinds Of Artistic Wooden Furniture

## WOOD WORTH

Mfg Of All Kinds Of Quality Wooden Furniture

**Office :**

A-146, W.H.S, Timber Market,
Kirti Nagar, New Delhi-110015



Mr. Rakesh Vishwakarma
Mob.-9810981051

---

भगवान विश्वकर्मा जयन्ती की शुभकामनाएं



**रामशब्द शर्मा**
उपाध्यक्ष मुम्बई प्रदेश
भाजपा उत्तर भारतीय मोर्चा
मो0: 9892046849

---

भगवान विश्वकर्मा जयन्ती की शुभकामनाएं



**श्याम जी विश्वकर्मा**
प्रदेश सचिव
अखिल भारतीय विश्वकर्मा शिल्पकार महासभा
उत्तर प्रदेश
मो0: 9454003721

---




## भगवान विश्वकर्मा जयन्ती की
## हार्दिक शुभकामनाएं



# शारदा फर्नीचर & टिम्बर कम्पनी

सभी प्रकार के फर्नीचरों के निर्माता व विक्रेता
साखू, सागौन, शीशम व अन्य लकड़ियां उपलब्ध
पता- बरही एदिलपुर, हंसवर, अम्बेडकरनगर
GST No.- 09KHUPS7906CIZ
मो0: 9889827224, 9598953790, 9648368682



प्रोप्राइटर
**विजय कुमार विश्वकर्मा**
(युवा समाजसेवी)

भगवान विश्वकर्मा जयन्ती की शुभकामनाएं



## दिनेश भाई शर्मा

कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष
अ0भा0 विश्वकर्मा महासभा
मो0: 9920996281

भगवान विश्वकर्मा जयन्ती की शुभकामनाएं



## दिनेश वत्स विश्वकर्मा

राष्ट्रीय सचिव एवं प्रवक्ता
राष्ट्रीय सर्वजन विकास पार्टी
मो0: 9560197381

भगवान विश्वकर्मा जयन्ती की शुभकामनाएं



## शोभनाथ विश्वकर्मा

कोषाध्यक्ष
नवजीवन श्री विश्वकर्मा सेवा समिति
वाकोला, सान्ताक्रुज (पू0) मुम्बई
मो0: 7208694457

भगवान विश्वकर्मा जयन्ती की शुभकामनाएं



## राजेश विश्वकर्मा

एडवोकेट उच्च न्यायालय
(चेम्बर नं0 172, नया भवन)
मो0: 9415604840

भगवान विश्वकर्मा जयन्ती की शुभकामनाएं



## हरीश शर्मा

वरिष्ठ समाजसेवी
राष्ट्रीय उपाध्यक्ष
लोक जनशक्ति पार्टी (लेबर सेल)
मो0: 9312246993, 9811746993

भगवान विश्वकर्मा जयन्ती की शुभकामनाएं



## विद्यानन्द विश्वकर्मा

प्रोप्राइटर
जे0पी0 एग्रो इण्डस्ट्रीज, वाराणसी
मो0: 9935275316

# भगवान विश्वकर्मा जयन्ती की शुभकामनाएं

Shreya
Associates
www.shreyaassociates.com

*डिजाइनिंग
*ड्राइंग (नक्शा)
*इस्टीमेट
*वैल्युवेशन

सभी सिविल कन्स्ट्रक्शन वर्क
एक्सटीरियर व इन्टीरियर डिजाइन के साथ
एडवाइजर एडवोकेट्स

## श्रेया एसोसिएट्स

धावा स्टेट, निकट मटियारी, लखनऊ-226028
Call: 9628545000 Whatsapp: 7897060124
E-mail: info@shreyaassociates.com
shreyaassociates913@gmail.com

# विश्वकर्मा बाडी बिल्डर

निकट- न्यू पापुलर सर्विस स्टेशन
रहनाल-आगरा रोड, भिवण्डी (महाराष्ट्र)

भगवान विश्वकर्मा जयन्ती की
शुभकामनाएं
प्रोप्राइटर
नागेन्द्र माताफेर विश्वकर्मा
मो0: 9029921005, 8484921005



स्पेशलिस्ट- बस, ट्रक, कार्गो बाडी मैन्यूफैक्चरर्स इन स्टील एण्ड वूडेन

R.N.I. No.- UPHIN/2000/01157
**विश्वकर्मा किरण**
**हिन्दी साप्ताहिक पत्रिका**
वर्ष–21 अंक–5–8
जौनपुर, 7–28 फरवरी, 2020
पृष्ठः 32 मूल्यः 25/–रूपया

**–:प्रेरकः–**
रघबीर सिंह जांगड़ा
मो0: 8599999531
*****
**–:सम्पादकः–**
कमलेश प्रताप विश्वकर्मा
मो0: 9454619328
*****
**–:सह सम्पादकः–**
विजय कुमार विश्वकर्मा
**E-mail: sharmavijay86@gmail.com**
*****
**–:सह सम्पादकः–**
धीरज विश्वकर्मा
मो0: 9795164872
*****
**–:समन्वय सम्पादकः–**
शिवलाल सुथार
मो0: 8424846141

**–:मुम्बई कार्यालयः–**
रूम नं0–6, न्यू अग्रिपाड़ा बस स्टाप के पास, वेस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे, सान्ताक्रुज (पू0) मुम्बई–400055

**–:प्रसार कार्यालयः–**
डिजिटल प्वाइंट (कैपिटल बिल्डिंग), भाजपा कार्यालय के सामने, त्रिलोकनाथ रोड, हजरतगंज, लखनऊ (उ0प्र0) 226001

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं सम्पादक कमलेश प्रताप विवकर्मा द्वारा अजन्ता प्रिन्टर्स एण्ड पब्लिशर्स, अहमद काम्प्लेक्स, गुईन रोड, अमीनाबाद, लखनऊ से मुद्रित एवं 98, नारायण निवास, नखास, सदर, जौनपुर से प्रकाशित।
सम्पादक– कमलेश प्रताप विश्वकर्मा

**website: www.vishwakarmakiran.com**
**E-mail: news@vishwakarmakiran.com**

**–:मुख्य संरक्षकः–**
**विश्वकर्मा जागरूकता मिशन**

## सम्पादकीय.....



कमलेश प्रताप विश्वकर्मा

# एक जैसी प्रतिमा हर घर में




एक जैसी प्रतिमा हर घर में हो, वह भी खुद खरीदी हुई नहीं, बल्कि एक–दूसरे द्वारा भेंट की हुई प्रतिमा हो। बड़ा अजीब सा लगता है यह सुनने में, लोग सवाल भी करते हैं कि क्या यह सम्भव है? जवाब मिलेगा, बिल्कुल सम्भव है। शब्द छोटा, कार्य कठिन परन्तु लक्ष्य बहुत बड़ा है। भगवान विश्वकर्मा के प्रति आस्था रखने वाले लोगों ने एक–दूसरे को प्रतिमा भेंट करना प्रारम्भ कर दिया है। पिछले वर्ष 14 नवम्बर, 2019 से लखनऊ में इसकी शुरूआत हो चुकी है। दूरदर्शी सामाजिक सोच रखने वाले अरविन्द विश्वकर्मा ने एक प्रेरक के तौर पर **"एक जैसी प्रतिमा हर घर में"** हो का अभियान शुरू कर दिया है। अभियान शुरू ही नहीं हुआ, बल्कि लखनऊ से चलकर कई जिलों में पहुंच चुका है। अरविन्द विश्वकर्मा ने वर्ष 2020 में कम से कम 20 हजार घरों में प्रतिमा पहुंचाने का लक्ष्य रखा है।

इसी 23 फरवरी को लखनऊ में विराट विश्वकर्मा मन्दिर, मकबूलगंज के परिसर में एक बैठक के माध्यम से इस अभियान को और गति प्रदान करने का प्रयास किया गया। बैठक में पुलिसकर्मी, रिटायर्ड अधिकारी, रिटायर्ड कैप्टन, रिटायर्ड मेजर, वरिष्ठ समाजसेवी आदि लोग सम्मिलित हुये। सबसे वरिठष्ठतम के रूप में कानपुर से वरिष्ठ समाजसेवी शिवकरन लाल विश्वकर्मा (कार्यकरी राष्ट्रीय अध्यक्ष, विश्वकर्मा विकास एवं सुरक्षा समिति) ने भी बैठक में हिस्सा लिया। उन्होंने अभियान में सहयोग तो किया ही, आगे सहयोग करते रहने की भी बात कही। उन्होंने यह भी कहा कि जब तक गांव–गांव, घर–घर प्रतिमा न पहुंच जाय तब तक अभियान नहीं रूकना चाहिये। बैठक में उपस्थित सभी लोगों ने अभियान की सराहना की और सहयोग किया।

अभियान शुरू करने वाले अरविन्द विश्वकर्मा का कहना है कि जब प्रत्येक घर में एक जैसी भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमा होगी तो दूसरे लोगों की नजर में हमारे समाज की ताकत दिखाई पड़ेगी। जिन गांवों में, गरीब घरों में भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमा नहीं है, वहां होने से उनकी जागरूकता और संस्कार में परिवर्तन आयेगा। उनके बच्चे भगवान विश्वकर्मा के बारे में जानेंगे और समाज की मुख्यधारा से जुड़ने का प्रयास करेंगे। प्रतिमा के ऊपर भेंट करने वाले और प्रेरक का सम्पर्क नम्बर लिखा होता है, जो किसी भी परिस्थिति में सूचना देने के काम आ सकती है। वास्तु के जानकार आचार्य आशुतोष विश्वकर्मा का कहना है कि भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमा जिस घर के मुख्य द्वार पर लगी होती है उस घर का वास्तुदोष अपने आप खत्म हो जाता है।

# विश्वकर्मा जयन्ती पर सामाजिक कुरीतियों को खत्म करने की पहल

# घूंघट प्रथा को समाप्त करने की जरूरत- डॉ० समित शर्मा




**गंगाराम विश्वकर्मा**

मुम्बई। श्री विश्वकर्मा चौरिटेबल ट्रस्ट की ओर से भायंदर (पूर्व) स्थित सुथारों की वाड़ी, न्यू गोल्डन नेस्ट रोड, इन्द्रलोक में 30वें विश्वकर्मा जयन्ती समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में बतौर मुख्य अतिथि पधारे राजस्थान कौशल एवं आजीविका विकास निगम के प्रबंध निदेशक डॉ0 समित शर्मा ने कहा कि सामाजिक कुरीतियों को दूर किये बिना सामाजिक विकास संभव नहीं है। उन्होंने विश्वकर्मा समाज का आवाहन किया कि समाज से घूंघट प्रथा को जड़ से खत्म करने में सामाजिक संस्थाओं के अभियान को साथ दें।

डॉ0 शर्मा ने कहा कि संस्थाओं को साफा, माला–फूल से सत्कार के बजाय मेधावी विद्यार्थियों के सत्कार पर ध्यान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि सुथार समाज अपने मेहनत और कार्य के प्रति समर्पण की वजह से मुम्बई में महत्वपूर्ण स्थान बनाया है। उन्होंने उपस्थित जनसमुदाय से अपने बच्चों को शिक्षा और संस्कार देने का आवाहन करते हुए कहा कि बदलते समय में हर घर और परिवार में यह प्राथमिकता होनी चाहिए।






कार्यक्रम में उपस्थित विधायक गीता जैन ने कहा कि अगर हम मेहनत करें तो उसका फल जरूर मिलेगा। उन्होंने कहा कि कोई प्रोफेशन छोटा नहीं होता, बस मेहनत करें तो हर क्षेत्र में विकास के द्वार खुल सकते हैं। जैन ने कहा कि बेटियों को शिक्षित किये बिना समाज का सर्वांगीण विकास संभव नहीं है। उन्होंने लोगों से आवाहन किया कि वे बेटियों को जरूर पढ़ाएं।

समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में नरसी ग्रुप के सीएमडी नरसी कुलरिया, भंवर कुलरिया, पूनम कुलरिया, पदम इण्डस्ट्रीज से शंकर कुलरिया, जांगिड़ मोटर्स के मालिक राजेश शर्मा, प्रसिद्ध उद्योगपति अमराराम जांगिड़, राधेश्याम जांगिड, डॉ0 अशोक शर्मा, आदि बतौर मौजूद रहे। उद्योग जगत की कई और हस्तियों और भामाशाहों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। इस अवसर पर कमेटी की तरफ से अतिथियों, समाजसेवियों, भामाशाहों और प्रतिभाओं





का सम्मान भी किया गया। गौसेवी पदमाराम कुलरिया की प्रेरणा व पदम इण्डस्ट्रीज के सहयोग से रक्तदान एवं स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। समाज के लोगों ने रक्तदान भी किया और अपना स्वास्थ्य परीक्षण भी कराया। कार्यक्रम का संचालन कमेटी के सदस्य प्रदीप सुथार ने किया। सभी अतिथियों और आगन्तुकों के प्रति आभार व कृतज्ञता व्यक्त की।

श्री विश्वकर्मा चौरिटेबल ट्रस्ट मुम्बई के बैनर तले सुथारवाड़ी भायंदर में 30वें श्री विश्वकर्मा जयन्ती महोत्सव का दो दिवसीय आयोजन किया गया था। 6 फरवरी को सायं दीप प्रज्जवलन व सत्संग के साथ महाप्रसाद का वितरण हुआ। 7 फरवरी भगवान विश्वकर्मा जयन्ती के दिन अतिथियों का सत्कार हुआ तथा कैलेण्डर व स्मारिका का विमोचन हुआ। कारीगरों को एक दिवसीय प्रशिक्षण प्रमाणपत्र भी दिया गया। समाज के मेधावी छात्र–छात्राओं को भी सम्मानित किया गया। दो दिवसीय विश्वकर्मा जयन्ती समारोह में हजारों लोगों ने प्रतिभाग किया।














श्री विश्वकर्मा चौरिटेबल ट्रस्ट की ओर से भायंदर (पूर्व) स्थित सुथारों की वाड़ी, न्यू गोल्डन नेस्ट रोड, इन्द्रलोक में आयोजित 30वें विश्वकर्मा जयन्ती समारोह में गौसेवी संत पदमाराम कुलरिया की प्रेरणा से पदम इण्डस्ट्रीज द्वारा लगाये गये चिकित्सा शिविर में लोगों ने अपना स्वास्थ्य परीक्षण कराया। बड़ी संख्या में लोगों ने रक्तदान भी किया।

# हम सभी के आराध्य हैं भगवान विश्वकर्मा- रामआसरे

**शिव प्रकाश विश्वकर्मा**

बिजनौर। भगवान विश्वकर्मा हम सभी के आराध्य देव हैं और इन्हीं से ही विश्वकर्मा समाज की पहचान बनी है। भगवान विश्वकर्मा और उनके वंशजो का इतिहास जन–जन को बताना होगा तभी हमारा सम्मान बढ़ेगा। उक्त बातें अखिल भारतीय विश्वकर्मा शिल्पकार महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्वमन्त्री राम आसरे विश्वकर्मा ने बिजनौर के ननूपुरा हल्दौर में भगवान विश्वकर्मा मन्दिर में मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर आयोजित विश्वकर्मा सम्मेलन मे कही। श्री विश्वकर्मा ने कहा कि 17 सितम्बर को भगवान विश्वकर्मा के पूजा दिवस का पर्व हमारे लिये गौरव और सम्मान से जुड़ा है। हमने उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी की सरकार में मन्त्री रहते भगवान विश्वकर्मा के पूजा दिवस का सार्वजनिक अवकाश घोषित कराया था। वर्तमान भाजपा सरकार ने भगवान विश्वकर्मा के पूजा दिवस का सार्वजनिक अवकाश निरस्त करके भगवान विश्वकर्मा का अपमान कर दिया। भगवान विश्वकर्मा का अपमान पूरे विश्वकर्मा समाज का अपमान है। विश्वकर्मा समाज को इस बात को महसूस करना चाहिये और सोच समझ कर समाज के हित में फैसला लेना चाहिए।

श्री विश्वकर्मा ने कहा कि सरकार विश्वकर्मा समाज को उनकी जनसंख्या के अनुरूप लोकसभा, राज्यसभा, विधानसभा और सरकार में भागीदारी और हिस्सेदारी सुनिश्चित करे। केन्द्र सरकार 17 सितम्बर भगवान विश्वकर्मा पूजा दिवस पर राष्ट्रीय सार्वजनिक अवकाश घोषित करे। केन्द्र सरकार कारीगरों की उन्नति के लिये विश्वकर्मा कारीगर आयोग तथा कारीगर विकास बोर्ड का गठन करे। सरकार विश्वकर्मा टेक्नोलॉजी विश्वविद्यालय तथा विश्वकर्मा छात्रावास का निर्माण कराये।





**केन्द्र सरकार कारीगरों की उन्नति के लिये विश्वकर्मा कारीगर आयोग तथा कारीगर विकास बोर्ड का गठन करे। सरकार विश्वकर्मा टेक्नोलॉजी विश्वविद्यालय तथा विश्वकर्मा छात्रावास का निर्माण कराये।**

सरकार सरकारी संस्थाओं और सरकारी भवनों का नामकरण भगवान विश्वकर्मा के नाम पर नामकरण करे। श्री विश्वकर्मा ने सभी विश्वकर्मा बन्धुओं से अपील की कि वे विश्वकर्मा समाज के अधिकार सम्मान और गौरव को बचाने के एकजुट होकर बड़ी सामाजिक ताकत और राजनैतिक ताकत बनायें।

इस अवसर पर शंकराचार्य मौनी बाबा, विश्वकर्मा ब्रिगेड के प्रदेश अध्यक्ष आशुतोष विश्वकर्मा, महासभा के कार्यवाहक जिलाध्यक्ष सत्येन्द्र विश्वकर्मा, अशोक धीमान, हरेन्द्र धीमान, मुकेश विश्वकर्मा, राजकुमार विश्वकर्मा, महासभा के जिलाध्यक्ष मेरठ संजय विश्वकर्मा, राजेन्द्र धीमान, विकास विश्वकर्मा, बाबूराम धीमान, प्रमोद धीमान, मंदिर कमेटी अध्यक्ष कृष्णा धीमान, रामनाथ धीमान, राहुल विश्वकर्मा, डा0 राजेन्द्र धीमान, सुरेन्द्र धीमान, प्रशान्त, विपिन, अनिल, कामेन्द्र, प्रकाश, चन्द्रभान, सोनू, पवन, मुनेश, नात्थूराम, अंकित, मनोज सहित काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा समारोह कार्यक्रम की अध्यक्षता पं0 ओमप्रकाश धीमान तथा संचालन बलराम शर्मा ने किया।

# विश्वकर्मा जयन्ती पर दोपहिया वाहन रैली में हुआ हेलमेट का वितरण





चुरू। अखिल भारतीय विश्वकर्मा छात्र एवं युवा संघ चूरू द्वारा भगवान श्री विश्वकर्मा जयन्ती पर भव्य दुपहिया वाहन रैली का आयोजन झांकी सहित किया गया। इस अवसर पर दोपहिया चालकों के बीच हेलमेट का वितरण किया गया। संघ द्वारा आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि यातायात पुलिस प्रभारी रायसिंह जांगिड़ रहे। उन्होंने विश्वकर्मा जयन्ती की बधाई देते हुये कहा कि अखिल भारतीय विश्वकर्मा छात्र एवं युवा संघ ने सड़क सुरक्षा सप्ताह में मानव सुरक्षा के लिए हेलमेट वितरण कर सहरानीय कार्य किया है। इस दौरान श्री जांगिड़ जी ने सभी 500 युवाओं को संघ के साथ मिलकर हेलमेट वितरण किया और सभी को यातायात नियमों की शपथ दिलाई।

विशिष्ट अतिथि विश्वकर्मा मन्दिर प्रबन्धक समिति अध्यक्ष किशन काकटिया ने आये हुये सभी युवा एवं सामाजिक लोगों का आभार व्यक्त किया। समाजसेवी प्रकाश राजोतिया ने युवाओं को ट्रैफिक नियमों के अनुसार रैली निकालने की प्रेरणा दी। समाजसेवी मोहनलाल शर्मा ने देश में तेजी से हो रही दुर्घटनाओं के बारे में बताया और हेलमेट को नियमित रूप से पहनने को कहा। कार्यक्रम के अध्यक्ष, संघ के राष्ट्रीय महासचिव बी0एन0 राजोतिया ने सृष्टि रचयिता भगवान विश्वकर्मा जयन्ती पर पूरे विश्व में धूमधाम से मनाने की शुभकामनाएं दी। कहा कि आज के दिन पूरे विश्व में सभी उद्योगपति, इण्ड्रस्ट्रीज, फैक्ट्री, कल कारखाने, हाथ से कार्य करने वाले सभी साथी भगवान विश्वकर्मा की पूजा करते हैं। देश में सामाजिक लोगों की एडवांस टेक्नलॉजी से बहुत गति से प्रगति हो रही है।

**मुख्य अतिथि यातायात पुलिस प्रभारी रायसिंह जांगिड़ ने विश्वकर्मा जयन्ती की बधाई देते हुये कहा कि संघ ने सड़क सुरक्षा सप्ताह में मानव सुरक्षा के लिए हेलमेट वितरण कर सहरानीय कार्य किया है।**



रैली प्रभारी व जिला अध्यक्ष संदीप जांगिड़ के नेतृत्व में सभी कार्यक्रम सम्पन्न हुये। हेलमेट वितरण प्रभारी तहसील संयोजक तेज प्रकाश चोयल ने प्रशासन के सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। तहसील अध्यक्ष पुनीत रोलीवाल ने सभी दोपहिया वाहन चालकों के लाइसेंस चेक किये। जिला उपाध्यक्ष अशोक जांगिड़, मन्दिर समिति अध्यक्ष ओम प्रकाश राजोतिया, सिद्धार्थ काकटिया, सुनील जांगिड़, कैलाश जांगिड़, विक्रम राजोतिया ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया।

वाहन रैली सामाजिक भजन, आरती और जयकारे के साथ इन्द्रमणि पार्क से शुरू होकर गढ़ चौराहा, मेन मार्किट, सुभाष चौक, नई सड़क होते हुये विश्वकर्मा मन्दिर तक पहुंची। कार्यक्रम में राजस्थान प्रभारी रेखा राजोतिया, बीकानेर संभाग प्रभारी सुश्री मैना जांगिड़, चूरू प्रभारी सुश्री योगिता जांगिड़, ब्लॉक प्रभारी मनोज राजोतिया, पूर्व संरक्षक सदस्य गिरधारीलाल जांगिड़, अजय चोयल, मोहित, राकेश, कपिल प्रशांत सिल्क, अजय रोलीवाल, मोहित चोयल, नितेश काकटिया, ललित, गणेश राजोतिया, किशोर, मनोज, प्रमोद, दीपक, पूर्व जिला संयोजक नरेन्द्र पटवारी, सह संयोजक नीरज जांगिड़, गंगाधर बुटिया, संजय के साथ ही रतननगर, सातड़ा, खंडवा, रीबिया, रिड़खला, मेरावणसर आदि गावों से बड़ी संख्या में युवा, सामाजिक पदाधिकारी एवं गणमान्य लोगों विश्वकर्मा मन्दिर पहुंचकर समापन सभा में भाग लिया।

रैली का रास्ते में जगह–जगह स्वागत किया गया और मंदिर में फूल वर्षा के साथ स्वागत किया गया।

# विश्वकर्मा मन्दिर नरियावां ने रचा इतिहास
# अठासी दिनों में शिलान्यास से लेकर मूर्ति स्थापना





**कुलदीप कुमार विश्वकर्मा**

प्रतापगढ़। जनपद के कुण्डा क्षेत्र अन्तर्गत प्राचीन विश्वकर्मा मंदिर नरियावां का शिलान्यास सन 1975 में स्व0 साधू विश्वकर्मा के द्वारा किया गया था। मन्दिर की स्थापना सन 1985 में स्व0 केदारनाथ विश्वकर्मा डीहबलई एवं श्यामलाल विश्वकर्मा के कुशल नेतृत्व में सम्पन्न हुई थी। मन्दिर पूरी तरह जीर्ण अवस्था में पहुंच चुका था, जिसका जीर्णोद्धार आवश्यक हो गया था। बीते वर्ष 28 अक्टूबर को एक बैठक में मंदिर के पुनर्निर्माण का निर्णय लिया गया था।



प्राचीन विश्वकर्मा मन्दिर का पुनर्निर्माण कार्य 11 नवम्बर 2019 से प्रारम्भ होकर 06 फरवरी 2020 को पूर्ण हुआ। मन्दिर निर्माण कार्य गिरीश विश्वकर्मा (मंदिर अध्यक्ष नरियावां) के कुशल नेतृत्व में जटाशंकर विश्वकर्मा (मंत्री) व शिवाकांत विश्वकर्मा (व्यवस्थापक) की देखरेख में पूर्ण हुआ। माघ शुक्ल त्रयोदशी भगवान विश्वकर्मा के प्राकट्य दिवस पर पं0 श्यामसुंदर शास्त्री (प्रयागराज) एवं आचार्य हरिओम शास्त्री द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच भगवान विश्वकर्मा के मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा सम्पन्न हुई।

इस समारोह में प्रदेश के विभिन्न जनपदों से समाज के वरिष्ठ समाजसेवी, शिक्षाविद, उद्योगपति, जन प्रतिनिधि शामिल हुए। जिसमें कौशांबी के जिलाधिकारी मनीष वर्मा के पिता मोहन प्रसाद वर्मा, न्यू स्टैण्डर्ड ग्रुप आफ इंस्टीट्यूट रायबरेली के संस्थापक/प्रबन्धक शशिकांत शर्मा, अखिल भारतीय विश्वकर्मा शिल्पकार महासभा के राष्ट्रीय महासचिव राजेश विश्वकर्मा (जौनपुर), विश्वकर्मा महासभा के प्रदेश अध्यक्ष तथा नमामि गंगे (भाजपा) के संयोजक महेन्द्र विश्वकर्मा, विश्वकर्मा ब्रिगेड उत्तर प्रदेश के प्रभारी चन्दन विश्वकर्मा (गोरखपुर),






**विश्वकर्मा मन्दिर कमेटी नरियावां की तरफ से मन्दिर निर्माण के दानदाताओं और समारोह में पधारे अतिथियों का सम्मान किया गया।**

वरिष्ठ समाजसेवी वेदप्रकाश शर्मा (दिल्ली), सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के प्रदेश महासचिव चंदन विश्वकर्मा (वाराणसी), मौलिक अधिकार पार्टी के उपाध्यक्ष बृजेश विश्वकर्मा (वाराणसी), अभाविशिम प्रदेश सचिव महेन्द्र विश्वकर्मा (प्रयागराज), क्षेत्रीय विधायक विनोद सरोज (प्रदेश अध्यक्ष जनसत्ता दल लोकतांत्रिक पार्टी, उत्तर प्रदेश), हरिओम मिश्र (जिलाध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी, प्रतापगढ़), बबलू शुक्ल (जिला पंचायत सदस्य), डा0 एस0पी0 विश्वकर्मा (एसोसिएट प्रोफेसर, कुलभाष्कर आश्रम पी0जी0 कालेज, प्रयागराज), डा0 अमिय कुमार विश्वकर्मा (एसोसिएट प्रोफेसर पं0 दीनदयाल उपाध्याय राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, सैदाबाद, प्रयागराज), डा0 सुनील विश्वकर्मा (असिस्टेन्ट प्रोफेसर महामाया राजकीय महाविद्यालय, धनुपुर, हंडिया, प्रयागराज), कुलदीप विश्वकर्मा पत्रकार/अध्यक्ष भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ, विश्वकर्मा डेवलपमेंट सोसाइटी दिल्ली के उपाध्यक्ष रामविशाल विश्वकर्मा (दिल्ली), सलाहकार शिवप्रसाद विश्वकर्मा (अक्षरधाम मंदिर दिल्ली), विश्वकर्मा विकास एवं सुरक्षा समिति के संस्थापक/कार्यकारी अध्यक्ष आचार्य आशुतोष विश्वकर्मा, उपाध्यक्ष सरयूप्रसाद (दिल्ली), कोषाध्यक्ष रामबाबू विश्वकर्मा (दिल्ली), प्रदेश अध्यक्ष वेदप्रकाश शर्मा राजू (कानपुर), इं0 राकेश शर्मा कानपुर, सागर विश्वकर्मा गौरीगंज, संजय वर्मा कौशाम्बी, रोहित अंशुमान शर्मा सिराथू, राजू विश्वकर्मा प्रयागराज, आकाश राजेश विश्वकर्मा प्रयागराज, अजय विश्वकर्मा (वरिष्ठ समाजसेवी, भाजपा नेता जौनपुर), दीपक आर विश्वकर्मा (समाज सेवी पूर्वांचल), बृजेश विश्वकर्मा (सपा, महराजगंज), सूर्यप्रकाश विश्वकर्मा (सोनू विश्वकर्मा) दिलीपपुर प्रतापगढ़ पूर्व जिला पंचायत प्रत्याशी, कमलेश विश्वकर्मा जिला प्रभारी बसपा प्रतापगढ़, महरानी दीन विश्वकर्मा वरिष्ठ समाजसेवी प्रतापगढ़, डा0 राजेश विश्वकर्मा, संतोष विश्वकर्मा, ओमप्रकाश विश्वकर्मा, सुभाषचन्द्र विश्वकर्मा, दिनेश विश्वकर्मा, रवि विश्वकर्मा, रीतेश विश्वकर्मा, बनवारी लाल, अशोक विश्वकर्मा, राजेश विश्वकर्मा भाजपा नेता, राजेश विश्वकर्मा हरखपुर मांधाता, बाबूलाल विश्वकर्मा, रामचन्द्र विश्वकर्मा, विजयकांत विश्वकर्मा, राजकुमार विश्वकर्मा जिलाध्यक्ष, पवन विश्वकर्मा, कुंवर बबलू विश्वकर्मा, संजय विश्वकर्मा एस0वी0 न्यूज सहित हजारों की संख्या में लोग उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में पधारे मोहन प्रसाद वर्मा ने सभी विश्वकर्मा वंशजों (मनु, मय, त्वष्टा, शिल्पी और दैवज्ञ) से एकजुटता की अपील की। गायकी की दुनिया के बेताज बादशाह वेद प्रकाश शर्मा ने अपने भजनों से उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया। न्यू स्टैण्डर्ड ग्रुप आफ इंस्टीट्यूट रायबरेली के संस्थापक/प्रबंधक शशिकांत शर्मा ने शिक्षा पर बल दिया तथा समाज को शिक्षा के महत्व को बताया। श्री शर्मा ने मंदिर के शेष कार्य का इस्टीमेट मांगा तथा उसे पूर्ण कराने का आश्वासन दिया। श्री शर्मा के इस आश्वासन पर विश्वकर्मा मंदिर समिति ने उनका आभार प्रकट किया। शेरे पूर्वांचल चंदन विश्वकर्मा ने कहा कि समाज राजनीति के क्षेत्र में जागरूक हो तथा अपने अधिकारों के लिए लड़ना सीखे।

लखनऊ से पधारे नमामि गंगे संयोजक महेन्द्र विश्वकर्मा ने समाज को सम्बोधित करते हुए बहुत ही शानदार विचार रखे तथा मंदिर कमेटी को 51000/–रू0 का चेक प्रदान किया। मंदिर कमेटी ने उनका भी आभार प्रकट किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वकर्मा विकास परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्यामलाल विश्वकर्मा, कुण्डा (संरक्षक विश्वकर्मा मंदिर समिति, नरियावां) ने किया। मंच का कुशल संचालन सुनील दत्त विश्वकर्मा तथा सरयू प्रसाद विश्वकर्मा ने संयुक्त रूप से किया। अंत में विश्वकर्मा मंदिर समिति नरियावां अध्यक्ष गिरीश विश्वकर्मा ने आए हुए सभी अतिथियों का आभार प्रकट किया।

### विश्वकर्मा जयन्ती समारोह में 'तरूणमित्र' के समूह सम्पादक कैलाशनाथ का उद्गार

# अधिकारों के प्रति जागरूकता से ही खुलेगा विकास का मार्ग

**दीपक विश्वकर्मा**

**जो समाज अपने अधिकारों के प्रति जितना जागरूक होगा उतना ही विकास करेगा। जागरूकता से ही विकास का मार्ग खुलेगा, वह शिक्षा के प्रति हो या किसी और क्षेत्र में।**












जौनपुर। माघ शुक्लपक्ष त्रयोदशी के अवसर भगवान विश्वकर्मा का प्राकट्य दिवस विश्वकर्मा चौरिटेबल ट्रस्ट (रेड ब्रिगेड) द्वारा बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। जंगीपुर खुर्द मनिया ग्राम में स्थित श्री विश्वकर्मा मंदिर के प्रांगण में स्तुति, हवन, पूजन के बाद गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें समाज को शिक्षित किये जाने, महिला सशक्तिकरण तथा संगठन मजबूती पर बल दिया गया।

समारोह के मुख्य अतिथि तरूणमित्र समाचार पत्र के समूह सम्पादक विश्वकर्मा शिरोमणि कैलाशनाथ ने अपने उद्बोधन में कहा कि जो समाज अपने अधिकारों के प्रति जितना जागरूक होगा उतना ही विकास करेगा। जागरूकता से ही विकास का मार्ग खुलेगा, वह शिक्षा के प्रति हो या किसी और क्षेत्र में।

ट्रस्ट के अध्यक्ष राजेश विश्वकर्मा ने लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा कि समाज को एकजुट होकर एकसाथ चलने की जरूरत है, जिससे समाज का विकास हो। कहा कि विश्वकर्मा समाज को आगामी त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में बढ़–चढ़कर भाग लेना चाहिए। जनपद जौनपुर से कम से कम 500 विश्वकर्मा बंधुओ को चुनाव लड़ना चाहिए जिससे प्रदेश की राजनीति में विश्वकर्मा समाज की राजनीतिक भागीदारी सुनिश्चित हो व समाज मे राजनीतिक इच्छाशक्ति जागृत हो।

ट्रस्टी भानु प्रकाश विश्वकर्मा, ट्रस्टी डॉ0 पी0के0 संतोषी, मनोज विश्वकर्मा लेखपाल सदर, फूलचन्द्र, रामअशीष, राहुल तथा स्थानीय वरिष्ठ समाज सेवियों ने भी अपने–अपने विचार समाज को समर्पित किया।

कार्यक्रम में दीपक विश्वकर्मा पत्रकार, दयाशंकर विश्वकर्मा, सुरेश विश्वकर्मा, चंद्रेश, जयप्रकाश, विपिन, श्रीकृष्ण चंद्र, डॉ0 रविन्द्र विश्वकर्मा, संजय विश्वकर्मा, सुरेश, महेंद्र विश्वकर्मा, विनोद, पूर्व सांसद प्रत्याशी विशोक विश्वकर्मा, अलखनरायन, गुरुचरण, रेनु विश्वकर्मा, ऊषा विश्वकर्मा आदि लोग उपस्थित रहे।

संस्था की तरफ से कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों का स्वागत व सम्मान किया गया। संचालन संस्था के जिला अध्यक्ष राजेश विश्वकर्मा ने किया।

# भारतीय विश्वकर्मा समाज हावड़ा ने विश्वकर्मा जयन्ती पर निकाली विशाल शोभायात्रा

हावड़ा। पश्चिम बंगाल की अग्रणी संस्था भारतीय विश्वकर्मा समाज ने विश्वकर्मा जयन्ती के अवसर पर विशाल शोभायात्रा का आयोजन किया। शोभायात्रा हावड़ा के गोलाबारी घास बागान मैदान स्थित विश्वकर्मा मन्दिर से प्रारम्भ होकर विभिन्न मार्गों से होते हुये लिलुआ रेलवे कालोनी में नव निर्मित भगवान विश्वकर्मा मन्दिर पर पहुंची, यहीं पर शोभायात्रा का समापन किया गया। शोभायात्रा में सम्मिलित सभी महिला–पुरूष और बच्चे भगवान विश्वकर्मा का जयकारा लगा रहे थे। समापन के बाद प्रसाद के रूप में सभी ने अल्पाहार ग्रहण किया।

भारतीय विश्वकर्मा समाज के तत्वावधान में आयोजित इस विशाल




शोभायात्रा कार्यक्रम में पचिम बंगाल विश्वकर्मा समाज के लोगों ने प्रतिभाग किया। प्रमुख रूप से सुशील शर्मा, डॉ0 देवश्लोक शर्मा, प्रभुनाथ शर्मा, बृजमोहन शर्मा, सागर, राजेश्वर, दिनेश, जीतन,रतन शर्मा, तीर्थराज, शैलेश, धर्मेन्द्र, गणेश, बुलबुल, रंजीत, शिवजी, कामत, मनोज, नीरज, सचिन शर्मा, राजेश शर्मा सहित समाज के सैकड़ो लोग सम्मिलित रहे।

# नवजीवन श्री विश्वकर्मा सेवा समिति मुम्बई ने धूमधाम से मनाया विश्वकर्मा प्रकटोत्सव

मुम्बई। नवजीवन श्री विश्वकर्मा सेवा समिति वाकोला की तरफ से भगवान विश्वकर्मा प्रकटोत्सव बहुत ही धूमधाम से मनाया गया। नवजीवन समिति के हाल में आयोजित प्रकटोत्सव में भगवान विश्वकर्मा की पूजा–अर्चना के साथ ही अतिथियों का सम्मान भी किया गया।

मुख्य अतिथि के रूप में पनवेल से पधारे उत्तर भारतीय मोर्चा के अध्यक्ष सुनील विश्वकर्मा ने भगवान विश्वकर्मा की महिमा का वर्णन करते हुये लोगों को जागृत होने का संदेश दिया। सांस्कृतिक कार्यक्रम के अन्तर्गत गायक बृजेश गोस्वामी, अंजली तिवारी व नंदिता तिवारी ने भजनों की प्रस्तुति देकर सबका



मन मोहा। इस अवसर पर कंचन विश्वकर्मा, गीता विश्वकर्मा, कोषाध्यक्ष शोभनाथ विश्वकर्मा, जितेन्द्र विश्वकर्मा, राम नरेश विश्वकर्मा सहित सभी पदाधिकारीगण उपस्थित रहे। अध्यक्षता संस्था के अध्यक्ष कड़ेदीन विश्वकर्मा तथा संचालन लालसाहब विश्वकर्मा (संस्थापक) ने किया।

# विश्वकर्मा जयन्ती पर रेड ब्रिगेड नाशिक ने निकाली यातायात जनजागृति अभियान रैली




नाशिक। प्रभु विश्वकर्मा प्रकटोत्सव (माघ शुक्लपक्ष त्रयोदशी) के शुभ अवसर पर श्री विश्वकर्मा चौरिटेबल ट्रस्ट (रेड ब्रिगेड) नाशिक द्वारा प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी यातायात जनजागृति अभियान रैली का आयोजन किया गया। ब्रिगेड की तरफ से पिछले 4 वर्ष से लगातार यह कार्यक्रम किया जा रहा है। इस अवसर पर रेड ब्रिगेड टीम नाशिक की नयी कार्यकारणी के नव पदाधिकारीगण अध्यक्ष– प्रदीप विश्वकर्मा, सचिव– राजेंद्र भालेराव, उपाध्यक्ष– सुबाष विश्वकर्मा, कोषाध्यक्ष– अरविन्द विश्वकर्मा ने पद और गोपनीयता की शपथ ली। साथ ही नये कार्यालय का उद्घाटन भी किया गया।

प्रभु विश्वकर्मा प्रकटोत्सव के अवसर पर भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमा पर माल्यार्पण व पूजा अर्चना कर रैली की शुरुआत नाशिक के नये कार्यालय श्री रामनगर से हुयी। रैली की शुरुआत नगरसेवक श्याम बडोदे, नगरसेवक सुनील खोडे, सचिन कुलकर्णी, सीनियर



पोलिस इंस्पेक्टर सुभाष पवार, पोलिस सब इंस्पेक्टर सुजीत मुंढे, समाज सेवक प्रकाश चौहान और समाज सेवक सचिन सूर्यवंशी के हाथो रथ पूजा करके रैली की शुरुआत हुई। रैली पाथर्डी गांव से होते हुए पाथर्डी फाटा पहुंची जहां उपस्थित समाज बंधुओं ने रैली का भव्य स्वागत किया। इसके बाद अम्बड़ गांव से होते हुए रैली लिंक रोड पर पहुंची जहां पर बैजनाथ शर्मा, स्वप्निल देवरे व समाज बंधुओं ने रैली का भव्य स्वागत किया व सभी ने महाभण्डारे का आनंद लिया।

रैली धीरे–धीरे अशोक नगर, ध्रुव नगर, गंगापुर रोड से होते हुए फुले नगर (पेठरोड) पर पहुँची जहां पर मंगेश क्षीरसागर के साथ समाज बंधुओं ने बहुत ही जोरदार तरीके से रेड ब्रिगेड टीम का स्वागत किया। भगवान श्री विश्वकर्मा जी

की प्रतिमा पूजन के पश्चात पंचवटी कारंजा व रामकुण्ड होते हुए पुरातन विश्वकर्मा मंदिर सोमवार पेठ में भगवन श्री विश्वकर्मा जी के जयकारे करते हुए दर्शन करके जांगिड़ भवन पहुंचे। यहाँ दर्शन करके विश्वकर्मा भगवान का नारा लगाते हुए विश्वकर्मा मंदिर पंचक के लिए प्रस्थान की। विश्वकर्मा कालोनी पंचक पहुंचकर भगवान श्री विश्वकर्मा मंदिर में पूजन किया गया व भण्डारे का आनंद उठाया गया। यहां पर डॉ0 संदीप सुतार के मार्गदर्शन में मेडिकल शिविर का आयोजन किया गया था, जिसमे समाज बंधुओं ने चेकअप कराया। यहीं पर रैली का समापन किया गया।

रैली में शामिल सभी रेड ब्रिगेड व समाज बंधुओं का राष्ट्रीय अध्यक्ष श्याम विश्वकर्मा ने आभार व्यक्त किया और समाज को एकजुट रहने का आवाहन किया। रेड ब्रिगेड नाशिक अध्यक्ष प्रदीप विश्वकर्मा ने सभी को बधाई दिया।

रैली में सुभाष विश्वकर्मा (उपाध्यक्ष), राजेन्द्र भालेराव (सचिव), अरविंद विश्वकर्मा (कोषाध्यक्ष), नंदकिशोर विश्वकर्मा (ट्रस्टी), दिनेश विश्वकर्मा (लल्ले), राजेन्द्र विश्वकर्मा, महेश विश्वकर्मा, अनिल पटेल, प्रवीन शर्मा, स्वप्निल गनोरे, राम वर्मा, रविन्द्र विश्वकर्मा, रमाशंकर विश्वकर्मा, विनोद विश्वकर्मा, संतोष विश्वकर्मा (पिंटू), हरिश्चंद्र विश्वकर्मा, बेचूलाल विश्वकर्मा, धरम विश्वकर्मा, अर्जुन विश्वकर्मा, श्यामलाल विश्वकर्मा, रामराज विश्वकर्मा, बबलू विश्वकर्मा, सुनील विश्वकर्मा, संतोष विश्वकर्मा, अमरीश विश्वकर्मा, प्रेमचंद विश्वकर्मा, भुवाल विश्वकर्मा, भाई लाल विश्वकर्मा, करण विश्वकर्मा, चंद्रमणि पटेल, अवधेश विश्वकर्मा, दीपक विश्वकर्मा, महेंद्र विश्वकर्मा, प्रशांत कासार, अनिल चौहान, ओमप्रकाश विश्वकर्मा, ओमप्रकाश पाल, अमित कुमार विश्वकर्मा, संतोष विश्वकर्मा, सुरजलाल विश्वकर्मा, कृष्णा विश्वकर्मा आदि लोग उपस्थित रहे।



**विश्वकर्मा जयन्ती के अवसर पर रेड ब्रिगेड टीम नाशिक की नयी कार्यकारणी के नव पदाधिकारीगण अध्यक्ष- प्रदीप विश्वकर्मा, सचिव- राजेंद्र भालेराव, उपाध्यक्ष- सुबाष विश्वकर्मा, कोषाध्यक्ष- अरविन्द विश्वकर्मा ने पद और गोपनीयता की शपथ ली।**







# विश्वकर्मा समिति कालीना में मनाई गई विश्वकर्मा जयन्ती







मुम्बई। कारीगरों के आराध्य भगवान विश्वकर्मा की जयन्ती महोत्सव का आयोजन विभिन्न सामाजिक संस्थाओं की ओर से किया गया। विश्वकर्मा समिति मुम्बई की ओर से सांताक्रुज स्थित विश्वकर्मा समिति कम्पाउंड में श्री विश्वकर्मा जयन्ती उत्सव मनाया गया। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम में गायिका राधा मौर्य ने लोकगीत गीत प्रस्तुत किया।

समारोह को सम्बोधित करते हुए चेयरमैन प्रिंसपल लालचंद विश्वकर्मा ने सामाजिक एकता पर जोर देते हुए कहा कि समाज को आगे बढ़ने के लिए सामाजिक एकता जरुरी है। उन्होंने कहा कि विश्वकर्मा समाज हर क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है मगर हमें शिक्षा पर विशेष ध्यान देने की जरुरत है। उन्होंने बेटियों को पढ़ाने की अपील करते हुए कहा कि एक बेटी के पढ़ने से परिवार शिक्षित व संस्कारित होता है।

समारोह में भाजपा नेता अमरजीत सिंह, अध्यक्ष रामशब्द शर्मा, श्री विश्वकर्मा क्रेडिट सोसायटी के चेयरमैन राधेश्याम विश्वकर्मा, लल्लूराम विश्वकर्मा, महेंद्र विश्वकर्मा, बबलू विश्वकर्मा, रमापति विश्वकर्मा आदि ने भी विचार रखे। इस अवसर पर चन्द्रकेश विश्वकर्मा, प्रदीप शर्मा, डॉ0 के0के0 विश्वकर्मा सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## धूमधाम से मनाई गई भगवान विश्वकर्मा जयन्ती

**रिपोर्ट– जयदेव विश्वकर्मा, सतना**

सतना। श्रेष्ठश्रम को साधना और समर्पण वृद्धि की जोड़ मिले तो समाज में निःसंदेह समृद्धि होगी। श्रम से अर्थोत्पादन होता है और अर्थ ही इच्छापूर्ति का साधन है। श्रम ही यज्ञ है साधन और अनुसंधान उसके उपचार हैं। कुशलता इस साधन की उपलब्धि है। भगवान विश्वकर्मा जी ने अपने श्रेष्ठ कार्यों के द्वारा श्रम को सार्थक बनाया है। ऐसे भगवान विश्वकर्मा जी की जयन्ती आजाद चौक स्थित सभाभवन सतना में धूमधाम से मनाई गई। सुबह से ही आजाद चौक स्थित सभाभवन में पूजा के लिए लोग पहुंचे और प्रसाद वितरण किया। विश्वकर्मा जयन्ती के अवसर पर सभाभवन



में पूजा–पाठ व हवन किया गया। इस मौके पर आजाद चौक स्थित सभाभवन को बड़े ही भव्यता से सजाया गया, तथा भण्डारे का आयोजन किया गया।

जयन्ती समारोह में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस कार्यक्रम में विश्वकर्मा ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष कामता विश्वकर्मा, युवा मंडल अध्यक्ष जितेंद्र गुड्डू विश्वकर्मा, कमल विश्वकर्मा, अमित विश्वकर्मा (भटनवारा), जयदेव विश्वकर्मा (भटनवारा), अशोक सेमरा, केशव, रामेश्वर, लक्ष्यधारी, रामु, त्रिभुवन, जमुना, विनय, चन्देश, विन्देश, मंगलेश, रितेश, नारायण, देवेंद्र, पुष्पेंद्र, पंकज, महेंद्र, अरुण आदि लोग मौजूद रहे।

# हर्षोल्लास के साथ मनाया विश्वकर्मा प्रकटोत्सव

**भारत रेघाटे (ताम्रकार), संवाददाता**



अहमदनगर। माघ शुक्ल त्रयोदशी को भगवान विराट विश्वकर्मा प्रकट हुये थे। इस दिन विश्वकर्मा पांचाल समुदाय की ओर से बड़ी श्रद्धा के साथ भगवान विश्वकर्मा प्रकटोत्सव मनाया जाता है। इस वर्ष यह तिथि 7 फरवरी को थी। भगवान विश्वकर्मा प्रकट दिवस मनाने के साथ ही 7 फरवरी से 14 फरवरी तक समाज एकत्रीकरण सप्ताह मनाया गया। महाराष्ट्र में विभिन्न स्थानों पर विश्वकर्मा प्रकटोत्सव पर विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

अहमदनगर जिले के संगमनेर तहसील में श्री गजानन महाराज मंदिर में विश्वकर्मा तांबट समाज की ओर से ज्ञानेश्वर पाथरकर, व अश्विनी पाथरकर के हाथों श्रीअभिषेक व विश्वकर्मा प्रतिमा पूजन, महाआरती व प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर विश्वकर्मा तांबट समाज के युवा कार्यकर्ता, महिला व पुरूष उपस्थित थे।

सुतार समाज की ओर से विश्वकर्मा मंदिर में विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विश्वकर्मा भगवान की पालखी मिरवणूक विश्वकर्मा पतसंस्था से नाशिक रोड, शिवाजी पुतला, अशोक चौक, पंधरा अगस्त चौक, साईबाबा चौक, नगरपालिका, रंगार गल्ली से चावल बजार होकर विश्वकर्मा मंदिर मे मिरवणूक तक निकाली गई। यहां पर विश्वकर्मा मूर्ति पूजा, अभिषेक, महाआरती होने बाद सागर अशोक राऊत के जरिये महाप्रसाद वितरित किया गया। ह0भ0प0 केशव महाराज भुजाडे (पांचाल) द्वारा कीर्तन की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम में कर्तत्वान विश्वकर्मा समाज भूषण पुरस्कार वितरण सोहला सम्पन्न हुआ। तत्पश्चात वार्षिक सभा का आयोजन सम्पन्न हुआ।

इस अवसर पर कर्तत्वान समाज भूषण पुरस्कार से कै0 भास्करराव वाकचौरे, कै0 केरू भालेराव, कै0 मुरलीधर गोरे, कै0 रामदास जानवेकर को मरणोपरान्त सम्मानित किया गया। आदर्श माता पुरस्कार से श्रीमती चंद्रभागा बारेकर, श्रीमती मंगल हिरे को सम्मानित किया गया। विश्वकर्मा युवक संघटन के अथक प्रयास से कार्यक्रम सफल रहा।

# अंकिता विश्वकर्मा पुनः बनी महाकौशल प्रांत की सहमंत्री



छतरपुर। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद सागर में आयोजित 52वें प्रान्तीय अधिवेशन में राष्ट्रीय अध्यक्ष एस0 सुब्वैया, क्षेत्रीय संगठन मंत्री चेस सुखाड़िया, प्रांत संगठन मंत्री निधीश नरेंद्रन, प्रांत सहसंगठन मंत्री मृदुल मिश्रा, प्रांत मंत्री सुमन यादव एवं अन्य सभी पदाधिकारियों की सर्वसम्मति से अंकिता विश्वकर्मा को महाकौशल प्रांत की प्रांत सहमंत्री का दायित्व दिया गया है। इसके पूर्व अंकिता विश्वकर्मा महाकौशल प्रांत की प्रांत सह मंत्री, विभाग छात्रा प्रमुख, जिला छात्रा प्रमुख, प्रांत कार्यकारिणी सदस्य आदि जैसे दायित्वों का निर्वहन कर चुकी हैं। इनके नेतृत्व क्षमता एवं संगठन की समझ को देखते हुए संगठन ने यह दायित्व इनको सौंपा है।

छात्र राजनीति के माध्यम से वंदे मातरम का जयघोष कर कर्तव्य पथ पर निरंतर चल रही अंकिता विश्वकर्मा को पुनः प्रांत सहमंत्री बनाए जाने पर समस्त शुभचिंतकों ने प्रसन्नता व्यक्त कर राष्ट्र कार्य में सक्रिय भूमिका निभाने की अपेक्षा कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# अखिल भारतीय मारू लोहार समाज ने मनाई विश्वकर्मा जयन्ती



जालोर। अखिल भारतीय मारू लोहार समाज द्वारा समाज की धर्मशाला सुंधापर्वत पर भगवान विश्वकर्मा प्राकट्य महोत्सव मनाया गया। प्रातः 8:00 बजे से गणेश व भगवान विश्वकर्मा की स्थापना अखंड ज्योत के साथ की गई। हवन–यज्ञ, पूजा–अर्चना, महाआरती, एवं महाप्रसादी का भोग लगाया गया। बाद में गुजरात व राजस्थान से आए सैकड़ों पट्टी परगना के प्रमुख समाज बंधुओं ने धूमधाम से पर्व मनाया। उपस्थित लोगों ने हवन यज्ञ में आहुतियां दी। बाद में दोपहर को महाप्रसादी का आनंद लिया।

संस्था के अध्यक्ष कालूराम पडियार राजीकावास ने गत वर्ष 2019–20 के दरम्यान धर्मशाला के निर्माण कार्य एवं पूर्व में हुए कार्यक्रमों का लेखा–जोखा पेश किया। अगले वर्ष 2020–2021 में धर्मशाला निर्माण कार्य के बारे में चर्चा की गई। आगंतुक समाज बंधुओं ने रसीद बुक लेकर अपने–अपने पट्टी–परगना में चंदा इकट्ठा कर समाज के धर्मशाला निर्माण के कार्य को आगे बढ़ाने का निर्णय लिया।

इस अवसर पर अखिल भारतीय विश्वकर्मा शिल्पकार महासभा के राष्ट्रीय महासचिव कालूराम लोहार ने कहा कि भगवान विश्वकर्मा हमारे आराध्य देव हैं, इन्हीं से विश्वकर्मा समाज की पहचान बनी है। भगवान विश्वकर्मा और उनके वंशजों का इतिहास जन–जन तक बताना होगा तभी हमारा समाज आगे बढ़ेगा। वह विश्वकर्मा जयंती महोत्सव के अवसर पर उपस्थित लोगों को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि 17 सितम्बर भगवान विश्वकर्मा पूजा दिवस का पर्व हमारे गौरव और सम्मान से जुड़ा है। भगवान विश्वकर्मा के पूजा दिवस को सार्वजनिक अवकाश घोषित किया जाए। काफी समय से भाजपा सरकार के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मांग चल रही है। कालूराम ने कहा कि विश्वकर्मा समाज का गौरवमई इतिहास रहा है। सूचना क्रांति के जनक सैम पित्रोदा व सरदार पटेल की विशाल मूर्ति के प्रारूपकार, वास्तुकार वी0 रामसुतार तथा साइकिल के आविष्कारक ऑस्ट्रेलिया के मैकमिलन तथा जापान में होंडाकार के आविष्कारक साईचिरो होंडा सभी विश्वकर्मा समाज के ही थे। सृष्टि की रचना के बाद देश और दुनिया का विकास और निर्माण विश्वकर्मा समाज से ही प्रारंभ हुआ था।

केंद्र व राज्य सरकार वंश परंपरागत कारीगर समाज के उन्नति के लिए विश्वकर्मा कारीगर आयोग तथा विश्वकर्मा कारीगर विकास बोर्ड का गठन करे। सरकार वंश परंपरागत कारीगर समाज के बच्चों के लिए विश्वकर्मा टेक्नोलॉजी विश्वविद्यालय तथा विश्वकर्मा छात्रावास का निर्माण कराये। कहा कि विश्वकर्मा समाज के अधिकार, सम्मान और गौरव को बचाने के लिए पूरे देश के विश्वकर्मा समाज को एकजुट होकर बड़ी सामाजिक ताकत और राजनीतिक ताकत बनानी होगी। हमारी मांग है कि सरकार विश्वकर्मा समाज को उनकी जनसंख्या के अनुरूप लोकसभा, राज्यसभा, विधानसभा, बोर्ड व निगम, नगरपालिका, पंचायत स्तर पर और सरकार में भागीदारी और हिस्सेदारी सुनिश्चित करे।

कार्यक्रम में मसराराम पचपदरा, बाबूलाल, जैसल, जैसाजी सोमता डीसा, हीराजी परमार मालोतरा, तुलसाजी डूटवा डिसा, जेठाजी भीयोना, महेंद्रजी दियोदर, रायचंदजी ईटाटा, बाबूजी थराद, बाबूजी, हेमाजी, चंपाजी देवाजी, हकाजी चौहान जड़ियाली लाखणी, रणछोड़जी मेडा, मूलाजी, हंसाजी माधाजी राठौड़ डोंगरा सांचौर, डॉ0 रामाराम रानीवाड़ा, गणपतजी गुंदाऊ, लाखाजी करवाड़ा, प्रभुजी तावीदर, धनजी दांतवाड़ा, डामराराम करडा, पिराजी मसराराम पंचौरी, मसराजी सिलासन, मोहनराम, जगदीशजी कागमाला, धनाराम धानसा मोमताजी शेरना, गणेशाजी हड़मतिया, आत्माराम रामपुरा, पूनमजी बागरा, अमराजी भीमपुरा, गंगाराम भाजना, खेताराम, भभूताराम मूडतरासिली, श्रवणकुमार खानपुर, सकाराम, हीराराम जुंजाणी, जोगाराम जेरण, मुकनाराम नींबाउ, रेवाजी पुनासा, कालूजी नोरा, नारणाराम दांतिवास, हरजीराम कोमता, कांतिलाल, छगनलाल, वजाराम कोरा, परबताराम पादरा, शंकराराम, हीराराम पूराराम जैतू, श्रवण कुमार मेडक, परसाराम सिवाना, घेवाराम मुथला, जबराराम, उमाराम कांटोल और समाज के सैकड़ों समाज बंधुओं ने इस अवसर पर हवन में आहुति दी एवं कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

# विश्वकर्मा जयन्ती के उपलक्ष्य में सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ हुआ रक्तदान






सूरत। विश्वकर्मा सेवा समिति के तत्वावधान में भेस्तान स्थित विश्वकर्मा मन्दिर पर भगवान विश्वकर्मा जयन्ती हर्षोल्लास से मनाया गया। हवन, पूजन और आरती के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम भी हुआ। इस अवसर पर लोगों ने रक्तदान कर मिशाल कायम की। समिति की तरफ से अतिथियों और प्रतिभाओं का सम्मान किया गया। रक्तदान करने वाले लोगों को प्रमाणपत्र दिया गया। कार्यक्रम में लोगों ने महाप्रसाद भी ग्रहण किया।

विश्वकर्मा जयन्ती समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में मुम्बई से पधारे वरिष्ठ समाजसेवी अनिल एस0 विश्वकर्मा का समिति की तरफ से स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि ने भगवान विश्वकर्मा की महत्ता पर प्रकाश डालने के साथ ही वर्तमान परिदृश्य पर भी चर्चा की। उन्होंने मन्दिर कमेटी द्वारा नियमित कार्यक्रम करने की सराहना भी की। कार्यक्रम में हजारों की संख्या में लोग उपस्थित हुये। लोकगायक राकेश तिवारी व सेतु सिंह ने भजनों की शानदार प्रस्तुति देकर सबका मन मोह लिया।

इस अवसर पर विश्वकर्मा सेवा समिति के अध्यक्ष दिनेश विश्वकर्मा, अजय शर्मा, बसन्त शर्मा, राजेश विश्वकर्मा, मुख्य ट्रस्टी चन्द्रशेखर विश्वकर्मा, राम प्रताप विश्वकर्मा, रमन विश्वकर्मा, हसुभाई विश्वकर्मा, जवाहर विश्वकर्मा, विजेन्द्र विश्वकर्मा आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।





# विश्वकर्मा जयन्ती पर सह स्वाभिमान समारोह आयोजित




चतरा। राणा विश्वकर्मा समाज (अनुसंगी इकाई झारखण्ड प्रदेश विश्वकर्मा समाज) चतरा जिला कमेटी द्वारा बाबाघाट मैदान, बाई पास रोड, चतरा में "विश्वकर्मा जयन्ती सह स्वाभिमान समारोह" का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि गिरिडीह (सदर) के लोकप्रिय विधायक विश्वकर्मा पुत्र सुदिव्य कुमार सोनू उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में झारखण्ड प्रदेश विश्वकर्मा समाज के प्रदेश अध्यक्ष विकास राणा, प्रदेश प्रधान महासचिव सन्तन शर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष संजय शर्मा उपस्थित रहे।

इसके अलावा देवराज शर्मा, यदु राणा, प्रदेश सहायक कोषाध्यक्ष दिलीप शर्मा, प्रदेश सचिव वकील राणा, प्रदेश संगठन सचिव रमेश मिस्त्री, राँची जिला अध्यक्ष सन्तोष कुमार, गिरिडीह जिला महासचिव देवकी राणा, राँची जिला उपाध्यक्ष कृष्णा शर्मा, अशोक शर्मा, राँची जिला के मीडिया प्रभारी दीपक राणा, गिरिडीह जिला के मीडिया प्रभारी ज्योतिष राणा, राँची उत्तरी जोन के अध्यक्ष अवधेश शर्मा सहित प्रदेश कमेटी एवं जिला कमेटी के पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

समारोह की अध्यक्षता चतरा जिला अध्यक्ष सह प्रदेश उपाध्यक्ष डोमन राणा ने किया तथा मंच संचालन जिला सचिव जगदीश शर्मा ने किया। कार्यक्रम में चतरा जिला के सभी प्रखण्डों से विश्वकर्मा समाज के महिला एवं पुरुष हजारों की संख्या में शामिल हुए।

# समाज में बेहतर कार्य करने वालों का होना चाहिये सम्मान- डा० कृष्णमुरारी विश्वकर्मा

देवरिया। तथागत बुद्ध मानव कल्याण सेवा समिति द्वारा बनवारी लाल इण्टर कालेज परिसर में बुद्ध छात्र सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व राज्यमंत्री डा0 कृष्णमुरारी विश्वकर्मा ने मेधावी छात्रों को पुरस्कृत किया। अध्यक्षता भंते रत्नाकर ने किया।

सम्मान समारोह को सम्बोधित करते हुये पूर्वमन्त्री श्री विश्वकर्मा ने कहा कि बेहतर कार्य करने वालों का सम्मान होना ही चाहिए। ताकि छात्र उत्साहित होकर अपने जिले तथा क्षेत्र का नाम रोशन कर सकें। नन्हीं प्रतिभाएं कल का भविष्य हैं। इनको अवसर प्रदान करना व आगे बढ़ने की प्रेरणा देकर सम्मानित करना हम सभी का कर्तव्य है।

इस अवसर पर प्रथम पुरस्कार मोहित शर्मा, द्वितीय पुरस्कार विपुल गोंड, तृतीय पुरस्कार राजशेखर तथा छात्राओं में कुमारी नंदिनी को प्रथम पुरस्कार दिया गया। अन्य छात्रों को मेडल, घड़ी, सामान्य ज्ञान की पुस्तक दिया गया।

सम्मान समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में डा0 त्रिपुणायक विश्वकर्मा (सदस्य, राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग), राजकीय इण्टर कालेज के प्रधानाचार्य प्रदीप कुमार शर्मा, समाजसेवी डा0 सीमा विश्वकर्मा, शिवचंद राम, श्यामसुंदर विश्वकर्मा (चेयरमैन, नगर पंचायत सेवरहीं), डा0 राजीव सिंह, पूनम विश्वकर्मा, आर0वी0 विश्वकर्मा, डा0 ए0के0 विश्वकर्मा आदि मौजूद रहे। सभी ने अपने विचार व्यक्त किये।

समारोह में छात्र–छात्राओं के साथ ही संस्था द्वारा अतिथियों और विशिष्टजनों का भी सम्मान किया गया। कार्यक्रम के संयोजक रत्नाकर भन्ते, सह संयोजक प्रभुनाथ विश्वकर्मा (युवा उद्यमी व समाजसेवी), सह संयोजक संतोष विश्वकर्मा ने समारोह को सफल बनाने में बड़ी भूमिका निभाई। इस अवसर पर बड़ी संख्या में बुद्धिजीवी, छात्र–छात्रा उपस्थित रहे।

इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम भी हुआ। महुआ चैनल के गायक विष्णु राजा एवं वेद प्रकाश शर्मा की टीम ने शानदार प्रस्तुति दी। सम्मान समारोह का संचालन संतोष विश्वकर्मा ने किया।







**सम्मेलन में हुआ सभी का सम्मान**





# समाज निर्माण में महिलाओं का योगदान महत्वपूर्ण- सुरेखा नगरकर

रिपोर्ट- भारत रेघाटे (ताम्रकार), संवाददाता



नाशिक। किसी भी क्षेत्र में महिला कमजोर नहीं है, लेकिन समाज को उसके पीछे मजबूती से खड़ा होना चाहिए। कुटुम्ब, परिवार, समुदाय क्या है, सब जानती हैं। उपरोक्त विचार अखिल भारतीय तांबट जनशक्ति प्रतिष्ठान की अध्यक्षा सुरेखा नगरकर ने विश्वकर्मा प्रकटोत्सव समारोह में व्यक्त किया। कहा कि समाज के लोगों को महिलाओं के पीछे खड़ा होना चाहिए और महिलाओं को समाज के साथ रहना चाहिए, ताकि महिलाओं को जीवन में हर चीज की देखरेख करनी पड़े।

समारोह के प्रारम्भ में भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमा पर दीप प्रज्ज्वलन हुआ। तत्पश्चात भजन संध्या आदि कार्यक्रम से प्रकटोत्सव शुरू हुआ। मंदाकिनी साखरकर ने गीता के महत्व पर जोर देते हुए अनुष्ठान की परम्पराओं और त्योहारों के महत्व के बारे में बतात हुए कहा कि परंपरा और समाज की संस्कृति एक अंतरंग सम्बंध हैं, और प्रत्येक त्योहार के लिए की गई अपील यह महत्व रखती है कि यह हमारे स्वास्थ्य के लिए कैसा है। बच्चों के बीच मनोरंजन गुण गौरव महाप्रसाद खेल और पुरस्कार वितरित किए गए। अध्यक्ष हरेश्वर रेघाटे, उपाध्यक्ष दत्ता नगरकर, कोषाध्यक्ष सुधीर भिंगारकर, सचिव गंगाधर नगरकर और श्री विश्वकर्मा तांबट समाज, श्री विश्वकर्मा महिला मंडल, श्री विश्वकर्मा युवा कार्यकारी मंडल से बहुमूल्य सहयोग मिला। जबकि प्रस्ताविक ज्योती उटे सूत्र संचालन शीतल भिंगारकर व सारिका रेघाटे ने आभार व्यक्त किया।

नाशिक। येवला विठ्ठल-रुक्मिणी मंदिर में भगवान विश्वकर्मा प्रकट दिन मनाया गया। विश्वकर्मा तांबट समाज ने विश्वकर्मा एक हो ऐसी हक दी पाचोरा के दत्तोपंत नालके, एरंडोल के डॉ0 राजेन्द्र भुसनले, हनुमन्त नालके, शेंदुर्णी के शंकर पाथरकर अतिथी मान्य गण के हाथो विश्वकर्मा प्रतिमा पूजन व महाआरती हुई। विश्वकर्मा तांबट समाज येवला व युवा कार्यकारी मंडल के जरिये महाप्रसाद वितरण किया। कार्यक्रम सफल बनाने मे महिला पुरूष व युवा युवती का सहयोग रहा।

# आने वाली फिल्म 'विश्वकर्मा पुत्र' के पोस्टर का हुआ विमोचन

दिल्ली। आरसीएम म्यूजिक कम्पनी के बैनर तले बनने वाली फिल्म 'विश्वकर्मा पुत्र' के पोस्टर का विमोचन दिल्ली में कम्पनी के कार्यालय में हुआ। एक्टर दिवाकर विश्वकर्मा के अनुसार इस प्रस्तावित फिल्म का मुहूर्त हो चुका है, शूटिंग जल्द ही शुरू होगी।

इस मौके पर फिल्म विश्वकर्मा पुत्र के सभी कलाकार दिवाकर विश्वकर्मा, राम जी शर्मा विश्वकर्मा, चन्दन विश्वकर्मा, विकास, राजमंगल शर्मा व कम्पनी के चेयरमैन राकेश कुमार शर्मा उपस्थित रहे। एक्टर दिवाकर विश्वकर्मा ने उम्मीद जताई है कि फिल्म निर्माण में समाज के लोगों का भरपूर सहयोग मिलेगा।



# संत शिरोमणि नरहरि महाराज की 734वीं पुण्यतिथि





रिपोर्ट- भारत रेघाटे (ताम्रकार), संवाददाता

संगमनेर। संत शिरोमणि नरहरि महाराज की 734 वीं पुण्यतिथि वर्षगांठ भक्ति, श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। संत शिरोमणी नरहरि महाराज महामुनी ने विश्वकर्मा अभंग मला लिखी। रंगार गली में सुबह ग्यारह से दो बजे के बीच संत नरहरि महाराज की पालकी के लिए मेन रोड, बजार पेठ, रंगारगली से जुलूस निकला। मंदिर में मान्यवरों के हाथों प्रतिमा व मूर्ति पूजा हुई। विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम सम्पन्न हुये। स्वर्णकार समुदाय के युवा, महिलाएं और पुरूष बड़ी संख्या में उपस्थित थे। इस अवसर पर निःशुल्क दंत चिकित्सा शिविर का आयोजन किया।

ह0भ0प0 विजय कुमार डहाले का प्रवचन हुआ। प्रभाकर नागरे, शिरीष नागरे ने महाप्रसादी का आयोजन किया। कड़ी मेहनत को स्वर्णकार एसोसिएशन और महिला मंडल के न्यासी तथा स्वर्ण नागरी पतसंस्था संचालक मंडल व स्वर्णकार महिला मंडल द्वारा कार्यक्रम किया गया। इस कार्यक्रम में संगमनेर शहर, तहसील व ग्रामीण क्षेत्र के सभी स्वर्णकार समाज बांधव मौजूद थे।

# वरिष्ठ पत्रकार प्रकाश चन्द्र शर्मा गणतन्त्र दिवस पर हुये सम्मानित



करौली। 71वें गणतन्त्र दिवस समारोह (26 जनवरी 2020) पर करौली के वरिष्ठ पत्रकार प्रकाश चंद्र शर्मा को उनके द्वारा किए गए पत्रिकारिता एवं सामाजिक क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। जिला कलेक्टर करौली ने श्री शर्मा को जिला स्तरीय प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। प्रकाश चन्द्र शर्मा इससे पहले भी कई बार विभिन्न जगहों पर सम्मानित हो चुके हैं।

गणतंत्र दिवस समारोह के मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री रमेश मीना रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला कलेक्टर डॉ0 मोहनलाल यादव व पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार बेनीवाल थे। इस अवसर पर जिले के अन्य अधिकारीगण व सम्भ्रान्त जन उपस्थित रहे।

# मेकिंग द डिफरेंस द्वारा रक्तदान शिविर आयोजित

# शिविर में 125 यूनिट रक्त एकत्रित






मुम्बई। दहिसर स्थित ठाकुर रामनारायण कालेज में एन0एस0एस0 और डी0एल0एल0ई0 के सहयोग से मेकिंग द डिफरेंस द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस रक्तदान शिविर की शुरूआत कालेज के प्रधानाचार्य डॉ0 रविश सिंह और डॉ0 ए0के0 सिंह द्वारा दीप प्रज्वलन कर और फीता काटकर किया गया। सभी आयोजकों के सहयोग से 125 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। मेकिंग द डिफरेंस के अध्यक्ष मीत विश्वकर्मा ने बताया कि इस बार रक्तदान शिविर में नौजवानों की संख्या बहुत ज्यादा थी जो प्रशंसनीय है। नौजवानों की सहभागिता को देखते हुए श्री विश्वकर्मा ने और भी कालेजों में इस तरह के कार्यक्रम के आयोजन की बात कही और सभी का धन्यवाद किया।

मेकिंग द डिफरेंस के अध्यक्ष मीत विश्वकर्मा ने ठाकुर रामनारायण एजुकेशन ट्रस्ट के ट्रस्टी रवि सिंह, पल्लवी ब्लड बैंक के डायरेक्ट जयसिंह विश्वकर्मा, सपोर्टिंग पार्टनर्स ग्रुप बीमा, सिटी न्यूज, विश्वकर्मा किरण, मुम्बई मिरर, टाइम्स ऑफ इंडिया, और मेकिंग द डिफरेंस के हर्षित झोलापरा, अनिल विश्वकर्मा, विकास विश्वकर्मा, मयूर सुरती, रोहित स्वामी, रंजीत विश्वकर्मा, उत्कर्षी धवन, जागृति गुप्ता, रितेश विश्वकर्मा, हितेश प्रजापति, संदीप विश्वकर्मा, मंजूषा श्रेष्ठ, हीरा विश्वकर्मा, नितेश गुप्ता, पारस विश्वा, राकेश विश्वकर्मा, चिन्मय, शिवा, मनीष मिश्रा, एनएसएस की अपर्णा कुलकर्णी, गोपाल, अक्षता, डीएलएलई की उर्मिला चौहान, मैत्री, सिद्धांत, अंकुर, अनुष्का एवं तुषार का धन्यवाद किया। श्री विश्वकर्मा ने सभी रक्तदाताओं का आभार प्रकट करते हुये उनके स्वास्थ्य की कामना की।

**रक्तदान करना महान पुण्यकारी कार्य है। आपका रक्तदान किसी की जिन्दगी बचा सकता है। आइये हम सभी इसके प्रति जागरूकता फैलायें।**

**–मीत विश्वकर्मा**


Bhavya Decor
Interior's HUB
MODULAR KITCHEN & WARDROBE'S
E-mail: bhavyadecor@yahoo.com , www.bhavyadecor.com
90445 00999

# नरसी कुलरिया ने पथमेड़ा गौशाला में दिया पच्चीस लाख

सांचौर। नरसी ग्रुप के सीएमडी व भामाशाह नरसी कुलरिया ने स्थानीय पथमेड़ा गौशाला में गायों के चारा व रख–रखाव हेतु 25 लाख रूपये की सहायता प्रदान किया है। ब्रह्मलीन संत दुलाराम कुलरिया के पुत्रगण भंवर–नरसी–पूनम हमेशा अपनी उदारता और दानवीरता के लिये जाने जाते हैं। गौशालाओं के प्रति समर्पण और योगदान के लिये कुलरिया परिवार की अनूठी छाप है।

सांचौर पधारे नरसी कुलरिया ने 25 लाख का चेक गौशाला प्रबन्धन समिति को प्रदान किया तो समिति के लोगों ने उनका आभार प्रकट किया। नरसी कुलरिया ने अपने संदेश में कहा कि ''हमारे पूज्य पिता गौसेवी संत दुलाराम कुलरिया की प्रेरणा से हमारा परिवार गोधन संरक्षण एवं गौसेवा के लिये समर्पित है। सनातन धर्म में गौसेवा से बड़ी कोई सेवा नहीं है।






# विधायक जगदीश चन्द जांगिड़ ने किया भवन का लोकार्पण

जोधपुर। श्री विश्वकर्मा जागिड़ पंचायत जोधपुर द्वारा नव निर्मित भवन का लोकार्पण सादुल शहर से विधायक जगदीश चन्द जांगिड़ के कर–कमलों द्वारा सम्पन्न हुआ। पंचायत द्वारा निर्मित इस भवन का निर्माण सिलवा के कुलरिया परिवार के अतुलनीय सहयोग से सम्भव हुआ है। गोलोकवासी संत श्री दुलाराम कुलरिया के सुपुत्रगण भंवरलाल कुलरिया, नरसी कुलरिया, पुनम कुलरिया तथा गौसेवी संत पदमाराम कुलरिया के सुपुत्रगण कानाराम कुलरिया, शंकर कुलरिया, धर्म कुलरिया तथा मघाराम कुलरिया के सुपुत्र अशोक कुलरिया द्वारा 51 लाख रूपये के सहयोग से भवन बनकर तैयार हुआ। भवन का लोकार्पण विश्वकर्मा वंशीय विधायक जगदीश चन्द जांगिड़ के कर–कमलों द्वारा सम्पन्न हुआ।



# गौशाला हो या विद्यालय, हर तरफ बढ़ रहे गौसेवी पदमाराम कुलरिया के कदम







बीकानेर। सिलवा के कुलरिया परिवार का समाज, शिक्षा और गौसेवा के लिये किया जा रहा योगदान किसी से छिपा नहीं है। गोलोकवासी संत दुलाराम कुलरिया द्वारा किया गया योगदान सदैव अमर रहेगा। उनकी महानता का गुणगाान हर जगह होता रहता है। यहीं के गौसेवी संत पदमाराम कुलरिया अपनी उम्र की परवाह किये बिना सेवाभाव में लगे रहते हैं। उनके कदम हर जगह पहुंच रहे हैं, चाहे वह शिक्षा का मन्दिर हो या गौशाला। उनके सुपुत्रगण कानाराम कुलरिया, शंकर कुलरिया व धर्म कुलरिया भी अपने पूज्य पिता से प्रेरित होकर समाज के हितार्थ कार्य करते रहते हैं।

गौसेवी संत पदमाराम कुलरिया की गौसेवा का अन्दाजा इसी से लगाया जा सकता है कि उन्होंने गौशालाओं में पानी की टंकी बनवाने से लेकर एम्बुलेन्स तक की व्यवस्था का योगदान दिया है। वह गायों को नित चारा खिलाते हैं। शिक्षा के क्षेत्र में भी उनके द्वारा किया जा रहा योगदान सदैव याद किया जायेगा। सरकारी विद्यालय हो या प्राइवेट, यदि वहां कदम रख दिया तो निश्चित है उस विद्यालय की बेहतरी और बच्चों की पढ़ाई हेतु संसाधन उपलब्ध कराना नहीं भूलेंगे। यही कारण है कि पूरे राजस्थान में कुलरिया परिवार की चर्चा होती रहती है।

# भागीदारी के लिए समाज को संगठित करने के संकल्प के साथ

# विश्वकर्मा अलंकरण सम्मान समारोह सम्पन्न

वाराणसी। अपने उत्कृष्ट योगदान और क्रियाकलापों से विभिन्न क्षेत्रों में विश्वकर्मा समाज के गौरव एवं स्वाभिमान में अभिवृद्धि कर चार चांद लगाने वाले, देश भर से आए विभूतियों को ऑल इंडिया यूनाइटेड विश्वकर्मा शिल्पकार महासभा ने स्थानीय पराड़कर स्मृति भवन के सभागार में आयोजित "विश्वकर्मा प्रहरी अलंकरण सम्मान" समारोह में सम्मानित किया। मुख्य अतिथि राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक कुमार विश्वकर्मा ने समारोह को सम्बोधित करते





हुए कहा कि विश्वकर्मा वंशियों ने श्रम के सिद्धांत को प्रतिपादित करते हुए बिना किसी भेदभाव के देश व समाज के विकास में महत्वपूर्ण सृजनात्मक योगदान करते रहे हैं। आपसी भाईचारा और सामाजिक समरसता की भावना से सभी के विकास के लिए रचना और निर्माण की संस्कृति इस समाज की अलग पहचान बनाती है। समाज समानता के जिस सम्मान का हकदार है उसे सत्ता में बैठे राजनैतिक और सामाजिक व्यवस्था में बैठे मनुवादी सामंतों ने नहीं दिया। उन्होंने कहा कि विश्वकर्मा समाज किसी दल का गुलाम नहीं, सभी ने सिर्फ वोट के लिए इस्तेमाल किया और धोखा दिया। जिसके चलते समाज समान भागीदारी के अधिकार से वंचित है। समाज को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए संगठित होना जरूरी है। क्योंकि भागीदारी के अधिकार को हासिल करने के लिए समाज के सामने संगठित शक्ति के बल पर संघर्ष के सिवाय दूसरा कोई रास्ता नहीं है।

समारोह को सम्बोधित करते हुए विशिष्ट अतिथियों ने सर्वांगीण विकास, भागीदारी, स्वाभिमान और खोए हुए गौरव को वापस पाने के लिए सामाजिक एकजुटता और शिक्षा पर विशेष बल दिया। इस अवसर पर समाजसेवा, साहित्य, शिक्षा, शिल्प, कला, संस्कृति, चिकित्सा, पत्रकारिता आदि में उल्लेखनीय सेवा योगदान एवं विशिष्टता धारण करने वाले 51 विभूतियों को महासभा के पंचरंगा ध्वज वाली पगड़ी पहनाकर तथा अलंकरणो से विभूषित सम्मान पत्र व स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया।

प्रमुख रूप से राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक कुमार विश्वकर्मा को संघर्ष एवं शौर्य का प्रतीक तलवार भेंट कर सम्मानित किया गया। लोहार विकास मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजकिशोर शर्मा व सुरेश विश्वकर्मा को विश्वकर्मा पितामह। पारसनाथ विश्वकर्मा जज, रामकिशोर शर्मा बेहद को विश्वकर्मा रत्न। बिहार लोहार महासभा के प्रदेश अध्यक्ष जग नारायण शर्मा व श्याम बिहारी विश्वकर्मा को विश्वकर्मा श्री तथा श्रीकांत विश्वकर्मा व डॉ0 राजेश कुमार शर्मा को विश्वकर्मा कुलभूषण। सदानंद विश्वकर्मा उर्फ दिलकश भारती व पंचदेव आनंद, श्यामलाल विश्वकर्मा (कुण्डा) व राजेश कुमार विश्वकर्मा को विश्वकर्मा गौरव। दीनदयाल विश्वकर्मा व मनोज कुमार विश्वकर्मा को विश्वकर्मा केसरी। राहुल विश्वकर्मा व रामप्रवेश शर्मा को विश्वकर्मा नंदन। अनीता विश्वकर्मा, मिली

## "विश्वकर्मा प्रहरी अलंकरण सम्मान" समारोह में हुआ सबका सम्मान

विश्वकर्मा, नंदलाल विश्वकर्मा, डॉ0 प्रमोद कुमार विश्वकर्मा, चंद्रशेखर विश्वकर्मा, डॉ0 धर्मेन्द्र विश्वकर्मा, दीपेश विश्वकर्मा प्रदेश अध्यक्ष दिल्ली, सुरेश विश्वकर्मा एडवोकेट, रमेश विश्वकर्मा, लोचन विश्वकर्मा, भैरो विश्वकर्मा, अनिल विश्वकर्मा, प्रमोद विश्वकर्मा, लोकगीत गायक रामकिशुन विश्वकर्मा, धर्मेंद्र विश्वकर्मा, अखिलेश विश्वकर्मा, प्रदीप विश्वकर्मा, पत्रकार राजीव कुमार विश्वकर्मा, पत्रकार अजय कुमार विश्वकर्मा, महेंद्र विश्वकर्मा, अवधेश कुमार विश्वकर्मा, शिवकुमार शर्मा, अजय कुमार विश्वकर्मा, विजय कुमार विश्वकर्मा सहित अनेक लोगों को विश्वकर्मा प्रहरी सम्मान से सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के आरंभ में भगवान विश्वकर्मा के चित्र पर अतिथियों द्वारा माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया गया तथा सदानंद विश्वकर्मा, पंचदेव आनंद एवं धर्मेंद्र कुमार विश्वकर्मा तथा प्रमोद कुमार विश्वकर्मा द्वारा स्वागत गीत एवं भगवान विश्वकर्मा के महत्ता से सम्बंधित गीत एवं स्तुति प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नन्दलाल विश्वकर्मा ने एवं संचालन श्रीकांत विश्वकर्मा तथा राजेश कुमार विश्वकर्मा कवि ने किया।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से मेवालाल विश्वकर्मा, संजय बागी, चौधरी विश्वकर्मा, राजेन्द्र विश्वकर्मा, शिव आसरे विश्वकर्मा, कालिका विश्वकर्मा, दिनेश विश्वकर्मा, प्रेम विश्वकर्मा, अवधेश विश्वकर्मा, सियाराम विश्वकर्मा, कमलेश विश्वकर्मा, प्रहलाद विश्वकर्मा, किशन विश्वकर्मा, मोहित विश्वकर्मा, गोविंद विश्वकर्मा, जितेंद्र विश्वकर्मा, रोहित विश्वकर्मा, गोपाल विश्वकर्मा, प्यारेलाल विश्वकर्मा, प्रेम प्रभाकर विश्वकर्मा, साजन विश्वकर्मा सहित देश भर से विश्वकर्मा समाज के नेता प्रतिनिधि एवं पदाधिकारी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# आईएएस डा० जोगाराम जांगिड़ को राजस्थान गौरव पुरस्कार



जयपुर। भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी, जयपुर जिला कलक्टर डॉ0 जोगाराम जांगिड़ को राजस्थान गौरव पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें उनकी बेहतरीन कार्यप्रणाली को लेकर दिया गया है। राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष डॉ0 सी0पी0 जोशी, परिवहन विभाग के कैबिनेट मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास ने डॉ0 जोगाराम को स्मृति चिन्ह व शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। इस कार्यक्रम में जयपुर सहित अन्य जगहों से पधारे गणमान्य व्यक्ति भी मौजूद रहे।

–प्रकाश चन्द्र शर्मा






# दिल्ली के जन्तर–मन्तर से विश्वकर्मा समाज की ललकार

# होश में आये सरकार



दिल्ली। विश्वकर्मा समाज के ऊपर हो रहे अत्याचार और उत्पीड़न के विरुद्ध विश्वकर्मा समाज के लोगों ने मोर्चा खोल दिया है। समाज के लोगों ने अपनी आवाज बुलन्द करते हुये दिल्ली के जन्तर–मन्तर पर विशाल धरना दिया और मार्च भी किया। उत्तर प्रदेश के उन्नाव जिले में बिहार थानाक्षेत्र के भाटनखेड़ा गांव में बलात्कार के बाद जलाकर मारी गई युवती को न्याय दिलाने के लिये विश्वकर्मा समाज के लोगों ने कदम आगे




बढ़ा दिया है। युवती के परिजनों से किये गये वादे से उत्तर प्रदेश सरकार ने मुंह मोड़ लिया है। ऐसी स्थिति में युवती के परिजनों की सुरक्षा खतरे में है।

जन्तर–मन्तर पर आयोजित धरने को सम्बोधित करते हुये पूर्व मन्त्री व अखिल भारतीय विश्वकर्मा शिल्पकार महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामआसरे विश्वकर्मा ने कहा कि उत्तर प्रदेश और केन्द्र में भाजपा की सरकार है। भाजपा सरकार में विश्वकर्मा समाज का सबसे ज्यादा उत्पीड़न और अत्याचार हो रहा है। हर उत्पीड़न के मामले में सरकार और सरकार की पुलिस कार्यवाही नहीं कर रही है। हर अन्याय और जुर्म के विरोध में विश्वकर्मा समाज जन्तर–मन्तर पर धरना दे रहा है। कहा कि उत्तर प्रदेश में उन्नाव के बिहार थाने के भाटनखेडा गांव में राम किशन शर्मा की बेटी के साथ गांव के दबंगो ने बलात्कार किया। विरोध करने पर बेटी को जिन्दा जला दिया। उन्नाव की विश्वकर्मा समाज की बेटी को न्याय दिलाने, मामले को फास्टट्रैक कोर्ट में चलाकर यथाशीघ्र हत्यारों को फांसी की सजा दिलाने तथा उसके परिवार को नौकरी, आवास, सुरक्षा हेतु शस्त्र लाइसेंस देने का वादा सरकार ने अभी तक पूरा नहीं किया। पूरे देश में विश्वकर्मा समाज पर हुए हत्या और बलात्कार पर कार्यवाही करने को लेकर पूर्वमन्त्री राम आसरे विश्वकर्मा के नेतृत्व में प्रधानमन्त्री व गृहमन्त्री को ज्ञापन दिया गया।

ज्ञापन में निम्नलिखित मांग की गयी–

1–उन्नाव की विश्वकर्मा समाज की बेटी रेप पीड़िता मोहनी विश्वकर्मा के हत्यारों को फांसी दी जाये।

2–सरकार रेप केस मामले को शीघ्र फास्टट्रैक कोर्ट को सौंपे।

3–मृतका के परिवार को आवास, नौकरी, शस्त्र लाईसेंस व सुरक्षा देने का वादा सरकार पूरा करे।

4–देश में विश्वकर्मा समाज के ऊपर हो रहे उत्पीड़न, अत्याचार, हत्या व बलात्कार की घटना तत्काल बन्द किया जाय।

5–देशभर में विश्वकर्मा समाज की हुई हत्याओं व बलात्कार के मामलों मे सरकार त्वरित कार्यवाही करें तथा मुआवजा का प्रबन्ध करें।

ज्ञापन में मुख्य घटनाओं में लखनऊ में राष्ट्रीय खिलाड़ी शिवानी विश्वकर्मा के आत्महत्या का प्रकरण, हरियाणा के फरीदाबाद में आर0सी0

## विश्वकर्मा समाज ने दिल्ली के जन्तर-मन्तर पर दिया धरना। विभिन्न मांगों से सम्बन्धित ज्ञापन राष्ट्रपति, प्रधानमन्त्री और गृहमन्त्री को सौंपा। विश्वकर्मा समाज एकजुट होकर लड़ेगा अपने सम्मान और स्वाभिमान की लड़ाई।

विश्वकर्मा की बेटी मेघना विश्वकर्मा की कोटा में हत्या का प्रकरण, मध्य प्रदेश के छतरपुर में देवेन्द्र विश्वकर्मा की हत्या का प्रकरण, सहारनपुर में पत्रकार भाई आशीष धीमान व आशुतोष धीमान की हत्या, कुशीनगर में पत्रकार राधेश्याम विश्वकर्मा की हत्या, प्रतापगढ़ कोतवाली क्षेत्र में हुई शिव कुमार विश्वकर्मा की हत्या का प्रकरण, देवरिया के बरहज में राजेश विश्वकर्मा, कुशीनगर के नेबुआ नौरंगिया में सविता विश्वकर्मा के बलात्कार का प्रकरण, बहराइच के मकरन्दपुर में जगतराम विश्वकर्मा की हत्या, औरैया के थाना कोतवाली में शर्मा की लड़की के बलात्कार का प्रकरण सहित दो दर्जन प्रकरण में कार्यवाही कराने हेतु ज्ञापन प्रधानमन्त्री को दिया गया।

धरने में पूर्व राष्ट्रपति स्व0 ज्ञानी जैल सिंह के पौत्र इन्द्रजीत सिंह, मोहन आचारी, दिनेश वत्स विश्वकर्मा, रामगढ़िया बोर्ड के जितेन्द्रपाल सिंह 'गागी', जयपाल सिंह पांचाल, रतनलाल जांगिड़, कालूराम लोहार, मिथिलेश शर्मा मधुकर, आर0सी0 शर्मा, महेन्द्र पांचाल, आत्माराम पांचाल, आशुतोष विश्वकर्मा, यशपाल पांचाल, एस0पी0 सिंह, खिलाड़ी कबिता पांचाल, पार्वती जांगिड़, वरिष्ठ पत्रकार दिनेश गौड़, बुधिराम विश्वकर्मा, सुरेन्द्र कण्डेरा, एक्टर दिवाकर विश्वकर्मा, सुभाष पांचाल, एडवोकेट मिन्टू पांचाल, मिन्टू धीमान, हरीश शर्मा, एडवोकेट मनीष विश्वकर्मा सहित देश के विभिन्न हिस्सों से आये विश्वकर्मा समाज के नेता, सामाजिक कार्यकर्ता व बुद्धिजीवीगण उपस्थित रहे।











# देश व समाज तरक्की में हमें जिम्मेदार नागरिक का दायित्व निभाना होगा– महाबीर जांगिड़

झज्जर। जांगिड़ समाज ये न सोच न रखे कि हमें क्या मिला है, बल्कि ये चिंतन करे कि देश व समाज की तरक्की में क्या हम जिम्मेदार नागरिक का दायित्व निभा रहे हैं। हम सभी समाज व राष्ट्र के प्रति अपना फर्ज सकारात्मकता के साथ निभाएं। यह बात एचएसआईडीसी के इंजीनियर इन चीफ महावीर जांगिड़ ने झज्जर की जांगड़ा धर्मशाला में आयोजित जांगिड़ समाज गौरव सम्मान समारोह को बतौर मुख्य अतिथि सम्बोधित करते हुए कही। वे धर्मपत्नी श्रीमती संतोष जांगिड़ सहित कार्यक्रम में शामिल रहे।





उन्होंने कहा कि महत्वपूर्ण यह है कि हम समाज व राष्ट्र को क्या दे रहे हैं और हमें देश व प्रदेश की तरक्की का सूत्रधार बनना चाहिए। इंजीनियर इन चीफ श्री जांगिड़ ने कहा कि हमारे बच्चे सफलता के झंडे गाड़ रहे हैं लेकिन आज बच्चों को अच्छे संस्कारों व अच्छी शिक्षा की जरूरत है। हमें आपसी मतभेद भुलाकर समाज में एक–दूसरे की मदद करनी चाहिए। महावीर जांगिड़ ने कहा कि जांगिड़ समाज बुद्धिमान समाजों में से एक है और विश्वकर्मा से हमें तकनीकी ज्ञान की पूजी जन्म से मिली है। इसलिए हमें एकजुट होकर समाज व राष्ट्र की तरक्की में सकारात्मक सोच के साथ अहम भूमिका निभानी चाहिए। उन्होंने कहा कि जांगिड़ का संस्कार है कि वह गरीब से गरीब की मदद करे और 100 प्रतिशत ईमानदारी से मन लगाकर कोई भी काम मेहनत से करेंगे तो परिणाम भी वांछित मिलेंगे।

इंजीनियर इन चीफ महाबीर जांगिड़ ने बतौर मुख्य अतिथि कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि किसी भी कार्य को बोझ न समझें बल्कि पूरी मेहनत के साथ काम करें। एक दूसरे के प्रति सहयोग की भावना हमेशा मन में रहनी चाहिए और सकारात्मक सोच भगवान का दिया प्रसाद होता है। उन्होंने समाज को संगठित करने के प्रयासों की सराहना की और कहा कि अनेक महापुरुषों ने समाज को संगठित करने में पूरा जीवन समर्पित किया है, जिनके समर्पण व बलिदान के कारण ही आज समस्त समाज एकता के सूत्र में बंधा हुआ है। जांगिड़ ने कहा कि छोटे–मोटे मतभेद मन में नहीं होने चाहिए और हमें मतभेदों को भुलाकर मानव जाति के कल्याण व राष्ट्र की तरक्की की सोच रखनी चाहिए। मुख्य अतिथि ने 40 से अधिक जांगिड़ समाज के विभिन्न विभागों में सेवारत अधिकारियों व प्रतिष्ठित लोगों को स्मृति चिन्ह व शॉल से सम्मानित किया।

कार्यक्रम अध्यक्ष मास्टर



द्वारकादास ने समाज के संगठन पर बल दिया। विशिष्ट अतिथि सरपंच महिपाल मालियावास ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम समाज को एकता के सूत्र में पिरोने में अहम भूमिका निभाते हैं और सम्मान के साथ–साथ एक दूसरे के नजदीक आने का मौका मिलता है। जांगिड़ समाज प्रधान मनमोहन जांगिड़ ने कहा कि जांगिड़ समाज समरस समाज है और 36 बिरादरी के साथ मिलकर चलता है। सतपाल वत्स, ने योग्य आर्य समाज के साथ–साथ जांगिड़ समाज पर विस्तार से प्रकाश डाला। डॉ0 राकेश कुमार ने भी कार्यक्रम को सम्बोधित किया।

जांगिड़ ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अजीत सिंह जांगिड़, श्याम लाल जांगिड़, एडवोकेट राजपाल सिंह, जिला महामंत्री कृष्ण दत्त, जोगिंदर सिलानी, प्रवीण हसनपुर, मुकेश सिवाना, चन्दनसिंह, जय भगवान बेरी, जोरा सिंह, नंदकिशोर, जोगिंदर सिलानी, प्रवीण हसनपुर, पूर्व प्रधान जयभगवान बहादुरगढ़, किशोर कुमार बहादुरगढ़, महेंद्र कुमार, डॉ0 राजेंद्र सिंह, कपूर सिंह, सत्यनारायण, सुशील कुमार, पूर्व प्रधान जयभगवान बहादुरगढ़, किशोर कुमार बहादुरगढ़, महेंद्र कुमार, डॉ0 राजेंद्र सिंह आदि उपस्थित रहे।

गौरव सम्मान समारोह में 40 से अधिक को किया सम्मानित–

जांगिड़ समाज गौरव सम्मान समारोह में 40 से अधिक प्रमुख अधिकारियों व प्रतिष्ठित लोगों को सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वालों में एसडीओ मनीष बाबेपुर, योगेश एसडीओ खेड़ी खुम्मार, नवीन कुमार कासनी जेई, ऋतु छारा जेई, सचिन जेई पीडब्ल्यूडी, डॉ0 मुरारी लाल बाल रोग विशेषज्ञ झज्जर, विकास कुमार आयुष्मान भारत, संध्या कुमारी प्राध्यापिका मातनहेल, डॉ0 हेमलता बेरी, विजय कुमार, प्राचार्य रमेश जांगड़ा, मत्स्य अधिकारी मंजू बाला, हरियाणा पुलिस के इंस्पेक्टर लोकमणि, जय किशन, दीपक इंस्पेक्टर फूड एंड सप्लाई, सुनील कुमार जेई, हर्ष कुमार सब इंस्पेक्टर सीबीआई, सब इंस्पेक्टर संजय कुमार, टूरिज्म मैनेजर नीरज शर्मा, बहरोड छोरा सचिन छारा, जसवीर छारा, सुशील आरसी बहादुरगढ़, डॉ0 रोहित जांगड़ा मातनहेल, डॉ0 कृष्ण जांगड़ा, सेगा कंपनी के एचआर प्रदीप कुमार, एसआई सतवीर सिंह, एएसआई सुनील, एसआई संजय, प्राध्यापक हरदीप जांगड़ा आदि शामिल रहे।

रिपोर्ट– राम भगत शर्मा




# अपने पुश्तैनी व्यवसाय से दूर जा रहे महोबा के मूर्तिकार



महोबा। कभी बुन्देलखण्ड के राजाओं के लिए सोने–चांदी की मोहरे ढालने वाले मूर्तिकार आज अपने इस पुश्तैनी व्यवसाय से दूर जा रहे हैं। उत्तर प्रदेश के महोबा जिले में श्रीनगर गाँव में बनने वाली धातु की मूर्तियों की पहचान बुन्देलखण्ड ही नहीं देश भर में थी। लेकिन अब नई पीढ़ी मूर्ति बनाने का काम नहीं करना चाहती है।

मूर्तिकार जनार्दन सोनी बताते हैं, ''श्रीनगर के राजा मोहन राय के लिए न सिर्फ चांदी की मोहरें बनाई जाती थी बल्कि उनपर शिल्पकारी का हुनर भी दिखाते थे। अब हम चांदी की मोहरों की जगह पर अष्टधातु की मूर्तियां बनाने का काम करते हैं।'' हिंदू मान्यता के अनुसार पूर्व के समय में धातु से बनी मूर्तियों को विशेष दर्जा दिया जाता था। जो अब की तुलना में कम दिया जाता है। समय के साथ धातु की मूर्तियों का प्रचलन लगभग समाप्ति की कगार पर जा पहुंचा है और धातु की जगह कांच या फिर मिट्टी की मूर्तियों ने ले ली है।

धातु की मूर्ति को बनवाने में लागत अधिक आने के चलते इसका सीधा असर मूर्तिकारों पर दिखाई देता है। धातु की मूर्तियां आम आदमी की पहुंच से खासी दूर तो वहीं मिट्टी और कांच से बनाई जाने वाली मूर्तियां काफी किफायती नजर आती हैं। मंदी की मार झेल रहे इन कारीगरों के हुनर को नजरअंदाज कर सस्ता और मंहगा का फर्क आंके जाने के बाद ही मूर्तियों की खरीद फरोक्त की जाती है। कुल मिलाकर अगर कहें तो आम आदमी से धातु की मूर्ति का सरोकार अब कम ही देखने को मिलता है। जिसका सीधा असर इन मूर्तिकारों की आम जिंदगी में भी पड़ रहा है।

श्रीनगर ग्राम पंचायत के ज्यादातर मूर्तिकार पलायन कर रहे हैं। तंगहाली के चलते साल में कुछ महीनों के लिए परिवार सहित पलायन किया जाता है। मंहगाई की मार झेल रहे व्यवसाय के ठप्प पड़ जाने के चलते इन परिवारों को दो वक्त की रोटी के लिए पलायन करना पड़ता है। अन्य प्रदेशों में जाकर मेहनत मजदूरी के दम पर इन कारीगरों द्वारा रोजमर्रा की जरूरतें पूरी की जाती हैं। कम पढ़े लिखे होने के कारण परिवार के सदस्यों को मजबूरी के चलते मेहनतकश काम ही दिया जाता है।

मूर्तिकार दिलीप कुमार विश्वकर्मा कहते हैं, ''धातु की मूर्ति की मांग कभी कभार आने के कारण अधिकांश परिवारों के सर पर कर्ज चढ़ा हुआ है। मेहनत के दम पर बाहरी प्रदेशों से कमा कर लाए रुपए से कर्ज की भरपाई की जाती है। बैंक से ऋण भी आसानी से इन परिवारों को नही दिया जाता है जिसके चलते इन परिवारों को अन्य व्यक्तियों से पैसे ब्याज पर लेने पड़ते हैं जिनका ब्याज सरकारी ब्याज की तुलना में कहीं अधिक वसूला जाता है।''





अनदेखी अब इनकी निजी जिंदगी पर भी असर डालती दिखाई पड़ रही है। न तो योजनाओं से इन मूर्तिकला के माहिरों को अभी जोड़ा गया है और न ही जल्द जोड़े जाने के हालात फिलहाल बनतें दिखाई पड़ रहें है। वर्षो से पलायन को मजबूर रहे ये मूर्तिकार आज भी पलायन को विवश हैं।

# तिलका मांझी का नाम देश के प्रथम स्वतंत्रता संग्रामी और शहीद के रूप में लिया जाता है

वैसे तो दुनिया का पहला आदिवासी–विद्रोही रोम के पुरखा आदिवासी लड़ाका 'स्पार्टाकस' को माना जाता है। भारत के औपनिवेशिक युद्धों के इतिहास में पहला आदि–विद्रोही होने का श्रेय पहाड़िया आदिम आदिवासी समुदाय के लड़ाकों को जाता है, जिन्होंने राजमहल, झारखंड की पहाड़ियों पर ब्रितानी हुकूमत से लोहा लिया। इन पहाड़ी लड़ाकों में सबसे लोकप्रिय आदिविद्रोही जबरा या जौराह पहाड़िया उर्फ 'तिलका मांझी' हैं। इन्होंने अंग्रेजी शासन के विरुद्ध एक लम्बी लड़ाई छेड़ी थी। संथालों द्वारा किये गए प्रसिद्ध 'संथाल विद्रोह' का नेतृत्त्व भी तिलका मांझी ने किया था। तिलका मांझी का नाम देश के प्रथम स्वतन्त्रता संग्रामी और शहीद के रूप में लिया जाता है। अंग्रेजी शासन की बर्बरता के जघन्य कार्यों के विरुद्ध उन्होंने जोरदार तरीके से आवाज उठायी थी। इस वीर स्वतंत्रता सेनानी को 1785 में गिरफ्तार कर लिया गया और फिर फांसी दे दी गई। आइए जानते हैं इस महान स्वतंत्रता सेनानी के बारे में।

कौन थे तिलका मांझी–

तिलका मांझी का जन्म 11 फरवरी, 1750 को बिहार के सुल्तानगंज में 'तिलकपुर' नामक गांव में एक संथाल परिवार में हुआ था। इनके पिता का नाम 'सुंदरा मुर्मू' था। तिलका मांझी को 'जाबरा पहाड़िया' के नाम से भी जाना जाता था। उन्होंने अंग्रेजी अत्याचार से त्रस्त होकर आवाज उठाई। किशोर जीवन से ही अपने परिवार तथा जाति पर उन्होंने अंग्रेजी सत्ता का अत्याचार देखा था। गरीब आदिवासियों की भूमि, खेती, जंगली वृक्षों पर अंग्रेजी शासक अपना अधिकार किये हुए थे। आदिवासियों और पर्वतीय सरदारों की लड़ाई रह–रहकर





अंग्रेजी सत्ता से हो जाती थी, लेकिन पर्वतीय जमींदार वर्ग अंग्रेजी सत्ता का खुलकर साथ देता था।

भड़क उठी विद्रोह की आग–

एक दिन तिलका मांझी ने 'बनैचारी जोर' नामक स्थान से अंग्रेजों के विरुद्ध विद्रोह शुरू कर दिया। जंगल, तराई तथा गंगा, ब्रह्मी आदि नदियों की घाटियों में तिलका मांझी अपनी सेना लेकर अंग्रेजी सरकार के सैनिक अफसरों के साथ लगातार संघर्ष करते–करते मुंगेर, भागलपुर, संथाल परगना के पर्वतीय इलाकों में छिप–छिप कर लड़ाई लड़ते रहे। वे अंग्रेज सैनिकों से मुकाबला करते–करते भागलपुर की ओर बढ़ गए। वहीं से उनके सैनिक छिप–छिपकर अंग्रेजी सेना पर अस्त्र प्रहार करने लगे। समय पाकर तिलका माँझी एक ताड़ के पेड़ पर चढ़ गए। ठीक उसी समय घोड़े पर सवार क्लीव लैंड उस ओर आया। इसी समय राजमहल के सुपरिटेंडेंट क्लीव लैंड को तिलका माँझी ने 13 जनवरी, 1784 को अपने तीरों से मार गिराया।

गद्दार ने करवाई गिरफ्तारी–

एक रात तिलका मांझी और उनके क्रान्तिकारी साथी, जब एक उत्सव में नाच–गाने की उमंग में खोए थे, तभी अचानक एक गद्दार सरदार जाउदाह ने संथाली वीरों पर आक्रमण कर दिया। इसमें अनेक देशभक्त वीर शहीद हुए।




सत्यनारायण
(छात्र, पीजी राजनीति शास्त्र)
तिलकामांझी भागलपुर विश्वविद्यालय
भागलपुर (बिहार)
मो0: 8877211531, 6202576559


कुछ को बन्दी बना लिया गया। तिलका मांझी ने वहां से भागकर सुल्तानगंज के पर्वतीय अंचल में शरण ली। तिलका मांझी एवं उनकी सेना को अब पर्वतीय इलाकों में छिप–छिपकर संघर्ष करना कठिन जान पड़ा। अन्न के अभाव में उनकी सेना भूखों मरने लगी। अब तो वीर मांझी और उनके सैनिकों के आगे एक ही युक्ति थी कि छापामार लड़ाई लड़ी जाये। तिलका मांझी के नेतृत्व में संथाल आदिवासियों ने अंग्रेजी सेना पर प्रत्यक्ष रूप से धावा बोल दिया। युद्ध के दरम्यान तिलका मांझी को अंग्रेजी सेना ने घेर लिया और बन्दी बना लिया।

इनकी शहादत को सलाम–

गिरफ्तारी के बाद सन 1785 में एक वृक्ष में रस्से से बांधकर तिलका मांझी को फांसी दे दी गई। तिलका मांझी ऐसे प्रथम व्यक्ति थे, जिन्होंने भारत को गुलामी से मुक्त कराने के लिए अंग्रेजों के विरुद्ध सबसे पहले आवाज उठाई थी। तिलका मांझी भारत माता के अमर सपूत के रूप में सदा याद किये जाते रहेंगे।

# न्यू स्टैण्डर्ड ग्रुप ऑफ स्कूल्स ने दी शहीदों को श्रद्धांजलि

रायबरेली। पुलवामा आतंकी हमले की बरसी पर न्यू स्टैण्डर्ड बालिका विद्या मन्दिर, रायबरेली में श्रद्धांजलि समारोह आयोजित किया गया। जम्मू–श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर पुलवामा में हुये आतंकी हमले में सीआरपीएफ के कई दर्जन जवान शहीद हो गये थे। शहीद जवानों को याद करते हुये उन्हें श्रद्धांजलि देने के लिये विद्यालय परिवार की तरफ से कार्यक्रम आयोजित किया गया।

ज्ञात हो कि 2019 में जम्मू–श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर जवानों के वाहनों पर आत्मघाती हमला हुआ था। आतंकियों ने आत्मघाती हमला करते हुये विस्फोटक सामग्री से भरी अपनी कार जवानों की बस से टकरा दी थी। इस हमले में अनेक जवान शहीद हो गये थे। पुलवामा दिवस के इस अवसर पर विद्यालय प्रबन्धक डॉ0 शशिकान्त शर्मा एवं संयुक्त प्रबन्धिका डॉ0 रश्मि शर्मा सहित सभी शिक्षक–शिक्षिकाओं ने देश के शहीद वीर जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

श्रद्धांजलि कार्यक्रम में अपने उद्‌बोधन में न्यू स्टैण्डर्ड ग्रुप ऑफ स्कूल्स के प्रबन्धक डॉ0 शशिकान्त शर्मा ने कहा कि इस घटना ने देश को झकझोर कर रख दिया था। इस तरह की घटनाओं से देश डरने वाला नहीं है। इस प्रकार की घटनाएं विकृत मानसिकता की प्रतीक है। देश के लिए शहीद हो जाने वाले जवान इतिहास के पन्नों में हमेशा के लिए अमर रहेंगे। देश वीर शहीदों की शहादत को कभी नहीं भूलेगा। भारत के वीर जवानों का बलिदान देश कभी नहीं भूलेगा।

श्रद्धांजलि कार्यक्रम के अवसर पर हेड मिस्ट्रेस सन्ध्या अग्रवाल, को–आर्डिनेटर संतोष कुमार श्रीवास्तव, नितिन सिंह सहित समस्त शिक्षक–शिक्षिकाएं एवं विद्यालय कर्मचारी उपस्थित रहे।




ASHOK MEDICALS
Allopathic/Ayurvedic Medicine
अंग्रेजी दवाखाना
Shop No.- F24, Lotus Square
Sheikhpur, Mehndi Tola, Lucknow

# वंडर गर्ल सृष्टि शर्मा ने बनाया चौथा गिनीज वर्ल्ड रिकार्ड




नागपुर। सेंटर पॉइंट स्कूल की 15 वर्ष की छात्रा सृष्टि धर्मेंद्र शर्मा ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत 28 जनवरी को सेंटर पॉइंट स्कूल वर्धमान नगर स्थित स्केटिंग रिंक में 'फास्टेस्ट टाइम तू लीम्बो स्केट अंडर 10 बार्स' इस वर्ग में गिनिस वर्ल्ड रिकॉर्ड के लिए सफल प्रयास किया। सेंटर पॉइंट स्कूल की 10वीं की छात्रा सृष्टि शर्मा ने अतिथियों, दर्शको एवं स्कूल की छात्रों के समक्ष गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड का सफल प्रयास किया। सृष्टि ने तीन प्रयास में यह



रिकॉर्ड पूर्ण की। जैसे ही सृष्टि पहले प्रयास के लिए समानांतर आड़े पोल के नीचे से गुजरी तो सैकड़ों बच्चे, अभिवावक एवं उपस्थित लोगों की तालियों से पूरा स्केटिंग रिंक गूंज उठा।

वेकोली उमरेड रहवासी सेण्टर पॉइंट स्कूल की इस छात्रा ने गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड द्वारा निर्धारित 2.062 सेकंड के इस रिकॉर्ड को अपने पहले प्रयास में 1.755 सेकंड में तोड़कर इतिहास रच दिया। इसके बाद सृष्टि ने दूसरे प्रयास में 1.747 सेकंड तथा तीसरे और अंतिम प्रयास में 1.720 सेकंड में निकलकर विश्व रिकॉर्ड बनाते हुए एक कीर्तिमान स्थापित किया। इस रिकॉर्ड की एविडेंस गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड के वेबसाइट में अपलोड किया जाएगा, जिसका निर्णय 3 माह के उपरांत निरीक्षण कर बताया जाएगा।

फास्टेस्ट टाइम तो लीम्बो स्केट अंडर 10 बार्स के लिए इससे पहले सृष्टि ने 2 बार सफल प्रयास किया था। 12 जून 2019 को किये गये प्रयास में सृष्टि ने तय समय 1.879 में अपना प्रदर्शन किया था पर वीडियो क्लियर न होने के कारण उसे अस्वीकार कर दिया गया। पर हार ना मानते हुए सृष्टि ने तीसरी बार यह रिकॉर्ड करने का फैसला लिया और अपना उम्दा प्रदर्शन दिया।

यह अभियान आम वैली स्पोर्टिंग एसोसिएशन के अंतर्गत किया गया। इस मौके पर वेकोली उमरेर क्षेत्र के एरिया जनरल मैनेजर श्री अलोक ललित कुमार, श्री जयसिंह रजवाड़े (निर्देशक सेंटर पॉइंट गोप ऑफ स्कूल), श्रीमती सुमति वेणुगोपालन (प्रिंसिपल, सेंटर पॉइंट स्कूल), रविंद्र खेड़कर सीनियर मैनेजर वेकोली उमरेड उपक्षेत्र, संगीत सिन्हा (अध्यक्ष, एचएमएस यूनियन, उमरेर क्षेत्र), दीपू पिल्लै (महासचिव, एचएमएस यूनियन, उमरेर क्षेत्र) उपस्थित थे।



# गायकी के बलबूते अमर विश्वकर्मा ने बनाई पहचान

पटना। छात्र जीवन से ही गायकी में रूचि रखने वाले अमर विश्वकर्मा की पहचान अब एक गायक के रूप में ही है। बिहार प्रदेश के आरा जिला निवासी अमर विश्वकर्मा ने प्रदेश की राजधानी पटना में अपना ठिकाना बना लिया है। यहीं पर रिकार्डिंग स्टूडियो की स्थापना कर अपने लक्ष्य की तरफ अग्रसर हैं।

अमर ने अब तक सैकड़ों गाने रिकार्ड कर प्रस्तुत किया है। यूट्यूब पर उनके गाने खूब सुने जाते हैं। ये गायकी के साथ एंकरिंग का कार्य भी बहुत कुशलता से करते हैं। चुनावों में प्रत्याशियों के प्रचार हेतु इनके वॉइस रिकार्डिंग की बहुत मांग रहती है।

अमर ने जान मरबू का हो, 2004 में भक्ति कैसेट देख शेर पर सवार, उसके बाद अनेकों भजन लोकगीत यूट्यूब पर रिलीज हुई। गांव से शहर की ओर रुख किये अमर ने अपने कैरियर में बहुत संघर्ष किया है और आज भी कर रहे हैं। उनके अन्दर एक ललक है कि वह भी एक दिन बड़े गायकों की श्रेणी में गिने जायेंगे। वह चाहते हैं कि समाज के लोगों का प्यार और आशिर्वाद उन्हें मिले जिससे वह अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकें।

अमर विश्वकर्मा ने अभी दिल्ली में सम्पन्न विधानसभा के चुनाव में 13 प्रत्याशियों के लिये प्रचार हेतु वॉइस रिकार्डिंग किया था। चुनाव प्रचार में उनके गाये गाने भी लोगों द्वारा बहुत पसन्द किये गये।






## -विशेष अनुरोध-

प्रिय बन्धुओं, सादर विश्वकर्माभिवादन!

आप सभी जानते हैं कि ''विश्वकर्मा किरण'' हिन्दी साप्ताहिक पत्रिका प्रकाशन के 20वें वर्ष में चल रही है, जो समाज के अधिकांश समाचारों, विचारों और लेखों के साथ आप सभी के बीच एक पहचान बना चुकी है। पत्रिका ने समाज के हर छोटे–बड़े समाचारों, लेखकों के विचार, समाज के कवियों और साहित्यकारों को तवज्जो दिया है। अधिकांश पाठक और शुभचिन्तक यह अच्छी तरह जानते हैं कि समाचारपत्र अथवा पत्रिका प्रकाशन का कार्य बहुत ही कठिन है। प्रकाशन में बहुत खर्च आता है जिसका संकलन बहुत ही कठिनाई से हो पाता है, इन्हीं परिस्थितियों में कभी–कभार प्रकाशन बाधित भी हो जाता है। प्रकाशन बिना आप सभी के सहयोग के नहीं चल सकता। आप सभी से अनुरोध है कि सदस्यता के अलावा भी समय–समय पर यथासम्भव पत्रिका का आर्थिक सहयोग करते रहें जिससे प्रकाशन निर्बाध रूप से चलता रहे।

**सहयोग राशि इस खाते में जमा करें–**

| | | |
|---|---|---|
| Account Name | : | VISHWAKARMA KIRAN |
| Account No. | : | 4504002100003269 |
| Bank Name | : | PUNJAB NATIONAL BANK |
| Branch | : | SHAHGANJ, JAUNPUR (U.P.) |
| IFSC Code | : | PUNB0450400 |


मनु, मय, त्वष्टा, शिल्पी, दैवज्ञ
ये पाँचो सर्वज्ञ
UNITED WE STAND
DIVIDED WILL FALL
विभाजित होकर गिरने से अच्छा है
संयुक्त होकर खड़े रहना
आईये विश्वकर्मा समाज को
बेहतर से बेहतरीन बनाएं
विश्वकर्मा समाज डॉट कॉम से
जुड़ने के लिए आज ही रजिस्टर करें
www.VishwakarmaSamaj.com
www.VishwakarmaSamaj.com
Manu • May • Twashtha • Shilpi • Daiwagya
a generation awareness
विश्वकर्मा समाज
a generation awareness
अनिल विश्वकर्मा (फाउंडर)
09869866137
सभी विश्वकर्मा वंशियों को हार्दिक शुभकामनाएं



# Er. R.K. Sharma

9839043150
9415438554
Email: kumarfab@rediffmail.com

# Kumar Construction & Engineers

Appro. Govt. 'A' Class Contractor Civil & Mechanical
Specialist in: Steel Building Construction
Deals in: Civil Sanitory, Electrical & Fabrication Erection
M.I.G. 'C'-759, 760, Barra-8, Kanpur-208027



## भगवान विश्वकर्मा जयन्ती की हार्दिक शुभकामनाएं



**महेन्द्र विश्वकर्मा**
संयोजक
भाजपा नमामि गंगे, लखनऊ
प्रदेश अध्यक्ष- विश्वकर्मा महासभा उ0प्र0
मो0: 7355607921

**राजेश विश्वकर्मा**
सह संयोजक
भाजपा नमामि गंगे, लखनऊ
जिला अध्यक्ष- विश्वकर्मा महासभा उ0प्र0
मो0: 9956145983



**सुशील कुमार**
प्रोप्राइटर
8979707777
9899874189

## भगवान विश्वकर्मा जयन्ती की शुभकामनाएं

# SHIV BUILDCON & TILES

Concrete Interlocking Tiles
Porcelain Tiles, Fly Ash Bricks
All Types of Bricks

Address-
Khasara No.-489, Village Gejha Road
Mohiddinpur, Meerut (U.P.)
E-mail: shivbildcon@gmail.com

# Wisdom Way Progressive Inter College

**Matiyari Crossing, Faizabad Road, Chinhat, Lucknow**

**(Affiliated with U.P. Board, Allahabad)**


&

# New Wisdom Way Progressive Inter College

**Eldeco Tiraha, Malhour Road, Chinhat, Lucknow**

**(Affiliated with U.P. Board, Allahabad)**





**Rakesh Vishwakarma**

Manager

Contact- 09415109193



ॐ विश्वकर्मणे नमः

श्री विश्वकर्मा चैरिटेबल ट्रस्ट रेड ब्रिगेड जौनपुर द्वारा आयोजित

# विश्वकर्मा महोत्सव

## 22 मार्च 2020

को आप सभी के सानिध्य में
सामाजिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ

### कार्यक्रम विवरण

सुबह 9:30 बजे - मुख्य अतिथि द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ

सुबह 10:00 बजे से - सांस्कृतिक कार्यक्रम

दोपहर 12:00 बजे से - कार्यक्रम में आये हुए वक्ताओं द्वारा समाज के विकास, उत्थान व शिक्षा पर प्रकाश

दोपहर 1:00 बजे से - सेना/ अर्ध सैनिक बल में कार्यरत/ उनके परिवार व अन्य क्षेत्र में समाज को गौरवान्वित करने वालो का सम्मान

दोपहर 2:00 बजे से - विश्वकर्मा समाज की गरीब 25 महिलाओं को जीविकोपार्जन हेतु सिलाई मशीन वितरण

दोपहर 3:00 बजे से - प्रीतिभोज

आइये इस महायज्ञ में सम्मलित हों,
देश के वीरों के सम्मान में, नव युवकों के प्रोत्साहन में, और नारी के उत्थान में
आयोजित कार्यक्रम के कड़ी में एक सूत्र हों, ट्रस्ट आपका आभारी रहेगा

कार्यक्रम स्थल: लखनपुर चौराहा, जौनपुर-शाहगंज बाईपास राजमार्ग, जौनपुर, उत्तर प्रदेश
कार्यक्रम की जानकारी हेतु सम्पर्क करें: 9454939777, 9415207055, 9616498460, 9935340013, 8737979767 9721623838, 9648322828, 9628720615, 9651319531, 9984763670